CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 173 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असमानता व असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा : खड़गे पेज 2



पाकिस्तान नहीं खेलेगा भारत के साथ टी-20 मैच: शहबाज शरीफ खेल टाइम्स



नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी सम्पादकीय



भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस पेज 12

# प्रधानमंत्री के साथ कुछ भी हो सकता था: लोकसभा स्पीकर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी बुधवार शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था।

बुधवार को पीएम की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया। दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार को पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में जो हुआ, वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप पोस्टर लेकर आएंगे, तो सदन नहीं चलेगा। जिस तरह से महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची, उसे देश ने देखा। ये उचित नहीं था। ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था। इस बीच विपक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, इसको देखते हुए स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। बुधवार को शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था– जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।



## ओम बिरला बोले-इसलिए मैंने लोकसभा में उनकी स्पीच टाली

### दावा: कांग्रेस ने हमले की प्लानिंग की थी

कांग्रेस ने पीएम पर हमला करने की योजना बनाई थी। प्रधानमंत्री सदन में मौजूद थे और जवाब देने के लिए भी आने वाले थे। इस दौरान स्पीकर को कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर हमला किए जाने की योजना की जानकारी मिली थी। साथ ही कांग्रेस ने महिला सांसदों को ढाल के तौर पर आगे किया था। इसी वजह से सदन को स्थगित करने का फैसला लिया गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में बुधवार को विपक्ष और भाजपा सांसदों के बीच भी बहस हुई थी। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं।

# यूपी में गुमशुदा लोगों की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त

- कहा: एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब

**लखनऊ।** उप्र में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैये पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। खंडपीठ ने गुरुवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पर दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशाला में जन्मी तिब्बती महिला भारतीय नागरिक घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जन्म के आधार पर नागरिकता की संवैधानिक गारंटी को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में 1966 में धर्मशाला में जन्मी तिब्बती मूल की महिला को भारतीय नागरिक घोषित किया है। न्यायालय ने अधिकारियों को उसे तुरंत भारतीय पासपोर्ट जारी करने का निर्देश भी दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने दो फरवरी को यांगचेन द्राकमार्ग्यापोन की एक रिट याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि उनका मामला नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 3(1)(क) के दायरे में आता है। यह कानून 26 जनवरी 1950 से एक जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मे हर व्यक्ति को जन्म के आधार पर भारतीय नागरिकता प्रदान करता है।

### बिहार चुनाव को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंची जन सुराज पार्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताओं' का आरोप लगाते हुए चुनाव को चुनौती दी है और पुन: चुनाव करवाने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई याचिका में बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिला मतदाताओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये डाले गए और इस योजना में नए लाभार्थियों के नाम भी जोड़े गए थे।

### अल-फलाह विवि चेयरमैन चार दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** एक निचली अदालत ने विवादों में घिरे अल-फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी और वित्तीय कदाचार के मामले में चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सिद्दीकी को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यह कार्रवाई यूजीसी द्वारा दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायतों के बाद शुरू की गई है।

# पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

## मोदी ने कहा: कितने ही नारे लगा लो कब्र नहीं खोद पाओगे

- रोज दो किलो गाली खाता हूं, मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे, जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, इनको जवाब देना पड़ेगा
- देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था, कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जवाब दिया। विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है।

मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। क्या ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है, विपक्ष की नारेबाजी पर उन्होंने कहा कि कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोंद पाओगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था। आपने कोशिश की होगी, लेकिन कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था। दुनिया के देश अब भारत के साथ ऐसे ही समझौते नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे एक वजह यह है कि एक विकसित देश विकासशील देश के साथ समझौता करता है तो उसे बड़ा बाजार मिलता है। मेरे लिए यह नई बात नहीं है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन करता था। तब इस वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में राज्य का एक साझेदार देश जापान हुआ करता था। यह राज्य के लिए एक गर्व की बात थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी की हुई गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में उनके समय की जो छवि है, उसको धोने में मेरी ताकत लगती है। इस काम के लिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीति पर बल दिया है। देश नीति के आधार पर चल रहा है। विश्व का विश्वास बन रहा है। हमने सुधार (रिफॉर्म), प्रदर्शन (परफॉर्म) और बदलाव (ट्रांसफॉर्म) पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खड़गे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि देश का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत के भाग्य के लिए अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं।



### 2004 के बाद पहली बार लोकसभा में पीएम की स्पीच के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। इससे पहले 10 जून 2004 को विपक्ष ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने दिया था। गुरुवार को लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने पहली बार 65 सेकंड के भीतर, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। 3 बजे हंगामे के बाद लोकसभा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं कांग्रेस के लोकसभा से निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा था कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा।

# उप्र में चाइनीज मांझे से मौत को माना जाएगा हत्या

- मुख्यमंत्री योगी का रुख सख्त
- राज्य में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि अब से चाइनीज मांझे से मौत होने को हत्या माना जाएगा। इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। सीएम योगी ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए यूपी पुलिस को सघनता से अभियान चलाने का निर्देश दे दिया है।

लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक की मौत के बाद सीएम योगी ने बेहद सख्त फैसले लिए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा है कि चाइनीज मांझे की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइनीज मांझे की सप्लाई करने वाले अवैध नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें खत्म करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। लखनऊ हादसे और सीएम योगी के निर्देश के बाद यूपी पुलिस भी एक्टिव हो गई है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में चाइनीज मांझा बेचने वालों की पहचान करने के लिए छापेमारी की गई है। लखनऊ में चार फरवरी को मोहम्मद शोएब नाम के एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के चलते मौत हो गई।, वह बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनके गले में चाइनीज मांझा फंस गया और उनकी गर्दन कट गई। वह बाइक समेत नीचे गिर पड़े। खून से लथपथ वह तकरीबन 10 मिनट तक तड़पते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इस बीच इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने किया आत्मसमर्पण

- दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से कर दिया था इन्कार

**नई दिल्ली।** एक्टर राजपाल यादव ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस केस में उनकी सजा के सिलसिले में समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था। साथ ही उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर का आदेश दिया था। जेल के एक सूत्र ने बताया कि राजपाल यादव ने गुरुवार को शाम 4 बजे जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। अब जेल अधिकारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करेंगे। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने बीते दिन बुधवार को राजपाल यादव को जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था।

### मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं।

# तेल खरीद पर भारत के रवैये में बदलाव नहीं

- स्रोतों में विविधता से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय
- रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट की



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर चल रही तमाम अटकलबाजियों के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अपने लोगों के हित में पहले की तरह की कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाजार परिस्थितियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक वेनेजुएला का सवाल है वह ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से भारत का साझेदार रहा है व्यापार के स्तर पर भी और निवेश के स्तर पर भी। उन्होंने कहा कि हम 2019-20 तक वेनेजुएला से ऊर्जा और कच्चा तेल आयात कर रहे थे, जिसके बाद हमें इसे रोकना पड़ा। इसके बाद 2023-24 में हमने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया, लेकिन प्रतिबंध दोबारा लगाए जाने के बाद हमें इसे फिर से रोकना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ साझेदारी रही है और भारत की वहां 2008 से मौजूदगी बनी हुई है।

### ईरान में हिरासत में लिए गए 16 में से 8 भारतीय नाविक रिहा : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान में हिरासत में लिए गए 16 भारतीय नाविकों में से आठ को रिहा कर दिया गया है और उनके स्वदेश लौटने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि शेष नाविकों के संबंध में भारतीय दूतावास के अधिकारी ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमें ईरान में 16 नाविकों तक कांसुलर पहुंच मिली है। बंदर अब्बास में हमारे अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार इन 16 में से आठ को रिहा कर दिया गया है और वे भारत लौट रहे हैं। शेष आठ नाविकों के मामले में हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और उन्हें समुचित सहायता देने के तरीकों पर काम कर रहे हैं।

# UPSC सेवा में रहते हुए बार बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

- रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार, नए नियम 2026 से लागू

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस आथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ, तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है, तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद, लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पदाधिकारियों का निलंबन लोकतंत्र पर हमला: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों के निलंबन को छात्र लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि यह कार्रवाई जेएनयू के करीब 8,000 छात्रों के जनादेश का अपमान है, जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुना है। चौधरी ने आरोप लगाया कि जब 'सरकारी' छात्र संगठन चुनाव जीतने में असफल रहता है, तब सरकार और प्रशासन विरोधी छात्र संगठनों की आवाज दबाने के लिए निलंबन, जुर्माने और डराने-धमकाने जैसे हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में कथित अनधिकृत बायोमेट्रिक निगरानी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करने पर पदाधिकारियों को दंडित करना एक खतरनाक तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

### इंडिगो के खिलाफ करेंगे सीसीआई के महानिदेशक जांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दिसम्बर 2025 में बड़ी संख्या में उड़ानों में व्यवधान के लिए इंडिगो को प्रथमदृष्टया नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आयोग के महानिदेशक को उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इंडिगो ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि सीसीआई ने चार फरवरी के आदेश में उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। सीसीआई के आदेश में कहा गया है कि जिन यात्रियों ने इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराए थे, उनके पास अंतिम समय में उड़ान रद्द होने की सच्चाई स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

# अखिलेश ने ईसी और भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ भाजपाइयों के घरों पर अपना झंडा लगाने के साथ उनके घरों को बूथ बना दे चुनाव आयोग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं, मानो भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच कोई फर्क ही न रह गया हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का झंडा भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी बनाने के साथ उनके घरों पर लगा दिया जाए और बूथ भी वहीं बना दिए जाएं। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने पूछा क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासनकाल में सरेआम वोट काटने-बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाएं आंख मूंदे बैठी हैं। आज जो लोग वोट छीन रहे हैं, वे कल जनता के बाकी अधिकार भी छीनेंगे।

### आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में आसाराम आश्रम की 45,000 स्क्वायर मीटर से ज़्यादा पब्लिक जमीन पर राज्य सरकार के अधिकार को बरकरार रखा है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने लंबे समय से चल रही कानूनी उलझन को खत्म कर दिया है और शहर के भविष्य के खेल और शहरी विकास का रास्ता साफ कर दिया है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। अब इस पर बुलडोजर चलाया जाएगा। यह विवादित जमीन मोटेरा जैसे बहुत ही अहम इलाके में है, जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम और सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल में है। अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भविष्य में होने वाले ओलंपिक्स की तैयारी कर रहा है।

# असमानता, असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत सम्पत्ति सिमटी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में असहिष्णुता तेजी से बढ़ रही है और भाजपा आरएसएस असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कि देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और केवल एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति सिमट कर रह गई है। राज्यपाल केंद्र सरकार की एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और जिन राज्यों में भाजपा का शासन है वहां असहिष्णुता तेजी से फैल रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक युवक 'मोहम्मद दीपक' पर मुकदमा दर्ज किया। जो सद्भावना की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो आम आदमी रक्षा के लिए कहां जाएगा। जो शख्स झगड़ा सुलझाने के लिए जाता है, भाजपा के लोग उसी को धमकाते और मारते हैं। इसीलिए मैं कहता हूं भाजपा के पास सहिष्णुता नहीं है। उन्होंने कहा कि गैर राजग शासन वाले राज्यों में राजभवन भाजपा आरएसएस के दफ्तर बन गए हैं। राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंट की तरह काम करते हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल, हर जगह राज्यपालों ने कैबिनेट से पारित भाषणों से इंकार किया और विधेयकों को रोकने जैसे कदम उठाए। श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा आरएसएस के मन में बराबरी की बात कभी नहीं रही है। उनकी सोच अमीरों को और अमीर बनाना और गरीबों को और गरीब बनाना है। उन्होंने वैश्विक असमानता रिपोर्ट 2026 का हवाला दिया, जिसके अनुसार भारत में टॉप एक प्रतिशत लोगों के पास देश की लगभग 40 प्रतिशत कुल संपति सिमटी चुकी है, टॉप 10 प्रतिशत दो-तिहाई यानी 65 प्रतिशत हाउसहोल्ड एसेट के मालिक हैं, आय के स्तर पर भी टॉप 10 प्रतिशत अकेले 58 प्रतिशत राष्ट्रीय आय ले जा रहा है, जबकि सबसे नीचे के स्तर 50 प्रतिशत को सिर्फ 15 प्रतिशत पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी विकास की सोच पसंदीदा, चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए है। मेहनतकश लोगों की दिक्कतों से आपका कोई मतलब नहीं। यही आपका विकसित भारत है। नौजवानों की पीड़ा से इस सरकार को कोई मतलब नहीं।

## यूपी में कृषि ऋण स्वीकृति प्रक्रिया पूरी तरह से बदली: योगी

# किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 2026-27 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये तय किया गया, सरकार और किसान कर रहे हैं एआई का प्रयोग

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिए किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। योगी ने कहा कि आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ (1005 सदस्य) और मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादक कंपनी पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल हैं। महिलाओं ने प्रोसेसिग और वैल्यू एडिशन के जरिए बेहतर मुनाफा कमाया है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी।

योगी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के विजन के तहत सहकारिता क्षेत्र में डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले बंद होने की कगार पर खड़े 16 जिला सहकारी बैंकों में से 15 आज मुनाफे में हैं। एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। निर्यात 84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को 2.14 लाख करोड़ का भुगतान हुआ, जबकि बीते 9 वर्षों में ही 3 लाख करोड़ का भुगतान किया गया है।

### 2017 के बाद गन्ना किसानों को तीन लाख करोड़ का भुगतान: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में गन्ना किसानों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को कुल 2.14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि वर्ष 2017 से 2025 के बीच केवल 8.9 वर्षों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधे समय से भी कम अवधि में पिछली सरकारों की तुलना में 86 हजार करोड़ रुपये अधिक भुगतान गन्ना किसानों को किया गया है। योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विटल का भुगतान कर रही है। यह सरकार की किसान हितैषी नीतियों और ठोस निर्णयों का परिणाम है, जिससे अन्नदाता किसानों को सीधा लाभ मिला है।

# उत्तर मध्य भारत में कोहरा व बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली को सबसे ठंडा बताया गया

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान गिरने के बीच गुरुवार को दिल्ली में दृश्यता में सुधार हुआ। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पालम को 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली में सबसे ठंडा जगह बताया और चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में कई पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर और मध्य भारत में कोहरा, बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। सुबह तड़के पालम में न्यूनतम दृश्यता 1,100 मीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभों के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने का अनुमान है, जिससे पांच-छह फरवरी और फिर नौ-दस फरवरी को छिटपुट बारिश और हिमपात हो सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग- अलग स्थानों पर सुबह और रात के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति छह फरवरी तक बने रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में सात फरवरी तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है, जबकि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तरपूर्वी राजस्थान, उप-हिमालई पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड और मेघालय में अगले कुछ दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

**सेंसेक्स** 83313.93 | **निफ्टी** 25642.80 | **सोना** 154570 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | **अर्थ व्यापार देश** | **चांदी रु.** 300000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली रही और बीएसई का सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया। तीन दिन की तेजी के बाद बाजार में बिकवाली हावी रही है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल, बीईएल, आईटीसी और इंफोसिस में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर करीब तीन प्रतिशत और टाटा स्टील का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा।

# सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ी

**नई दिल्ली।** सोने की चमक लगातार दो दिनों की तेजी के बाद गुरुवार को फीकी पड़ी और चांदी भी आज सस्ती हुई है। आज 24 कैरट वाला सोना प्रति दस ग्राम 5020 और 22 कैरट की शुद्धता वाला सोना 4600 सस्ता हुआ है। अब चांदी की बात करें, तो एक किलो चांदी भी दिल्ली में आज सस्ती हुई है।

आज प्रति किग्रा यह 20,000 गिरी है। दिल्ली में आज 24 कैरट वाला सोना 1,54,570, 22 कैरट वाला सोना 1,41,700 और 18 कैरट वाला सोने की कीमत 1,15,970 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में 24 कैरट वाला सोना 1,54,420, कोलकाता में 1,54,420 , चेन्नई में 1,56,220, बेंगलुरु में 1,54,420 , हैदराबाद में 1,54,420 , लखनऊ में 1,54,570, पटना में 1,54,470, जयपुर में 1,54,570 और अहमदाबाद में 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दिल्ली में चांदी फिसलकर आज 3,00,000 प्रति किलो के भाव में बिक रही है। बाकी अहम महानगरों की बात करें तो मुंबई और कोलकाता में भी यह इसी भाव पर बिक रही है, लेकिन चेन्नई में इसका भाव प्रति किग्रा 2,99,900 है यानी कि चारों महानगरों में सबसे महंगी चांदी चेन्नई में ही बिक रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट-रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक रिकॉर्ड हाई से आई गिरावट, मार्जिन में बढ़ोतरी और मुनाफावसूली के चलते बाजार में फिलहाल काफी वोलैटिलिटी बनी हुई है। कमोडिटी एक्सपर्ट एनएस रामास्वामी के मुताबिक सोना और चांदी में आई हालिया गिरावट जरूरत से ज्यादा तेजी के बाद एक नेचुरल शशेकआउटश रही। उनका कहना है कि डक्क्लर में मजबूती ने कुछ बिकवाली को जरूर ट्रिगर किया।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालें चीनी महंगी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। वहीं चीनी और दालों में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये घटकर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी चार रुपये सस्ता हुआ और 2,871 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटा 11 रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 50 रुपये और मसूर दाल में 38 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल 34 रुपये और चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 17 रिंगिट टूटकर 4,208 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.23 प्रतिशत की गिरावट में 55.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये और पाम ऑयल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 20 रुपये और मूंगफली तेल की 10 रुपये गिर गई। वहीं वनस्पति 32 रुपये और सूरजमुखी तेल 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस 2-0 का पिछला हिस्सा

**नई दिल्ली।** पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2-0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है।

साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है। इसके अलावा एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है। दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2-0 विमान के लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी। एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है। उन्होंने कहा कि देश में उभयचर विमानों के लिए काफी बड़ा बाजार है। कंपनी ने एल्बेट्रोस 2-0 के तीन संस्करण लॉन्च किए हैं - सैन्य, सरकारी और वाणिज्यिक। एएएच के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपी रेड्डी ने बताया कि भारतीय नौ सेना ने चार उभयचर विमानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं और कंपनी को विश्वास है कि उसे इसका ऑर्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तत्काल 25-30 उभयचर विमानों की जरूरत है। रेड्डी ने कहा कि पहले चरण में तीन साल में 25-30 विमानों के भारत में आने की उम्मीद है। भारत इन विमानों का इस्तेमाल करने वाला एशिया का पहला देश होगा। उन्होंने बताया कि एल्बेट्रोस का डेमो विमान अगले चार-छह महीने में भारत में आ जाएगा जबकि ग्राहक के इस्तेमाल के लिए पहला विमान डेढ़ से दो साल में आ सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 15 विमान की कीमत 3,500 करोड़ रुपये के आसपास हो सकती है।

### प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी शुरू, कई देश ले रहे हैं हिस्सा

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख प्लास्टिक प्रदर्शनियों में से एक, प्लास्टइंडिया 2026, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य तौर पर देश की प्लास्टिक का सामान बनाने में हुई प्रगति को दिखाया गया है। चार से 10 फरवरी तक चलने वाले इस वैश्विक कार्यक्रम का यह सालाना संस्करण रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस मेले का मुख्य फोकस विनिर्माण-आधारित विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर है। इसमें 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्टॉल लगे हैं और इनमें मशीनरी, कच्चे माल और अन्य चीजों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्लास्टइंडिया मेले में शून्य कचरा प्रौद्योगिकी को पहली बार ध्यान में रखा जा रहा है। साथ ही इसमें नई चीजों की खोज एवं स्टार्ट-अप को विशेष ध्यान दिया गया है।

# चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित किया केंद्रीय पर्यवेक्षकों का सम्मेलन

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 824 निर्वाचन क्षेत्रों में पारदर्शी चुनाव की भूमिका पर जोर

चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया, जिसमें 824 निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

चुनाव आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सम्मेलन के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये सत्र पांच और छह फरवरी को नई दिल्ली में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ मिलकर पर्यवेक्षकों को संबोधित किया और चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनसे आयोग की अपेक्षाओं के बारे में बताया। पर्यवेक्षकों को चुनाव आयोग के मार्गदर्शक बताते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में उनकी उपस्थिति पूरी चुनाव मशीनरी में नई ऊर्जा भर देगी। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं संधू ने पर्यवेक्षकों के लिए जमीनी स्तर पर सुलभ और सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों के लिए एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में काम करना चाहिए। उनके आने की जानकारी अच्छी तरह से प्रचारित की जानी चाहिए और उन्हें आसानी से उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके और पक्षपात की कोई भी आशंका न रहे। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर देते हुए श्री जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयोग के निर्देशों को 'अक्षरशः और भावना से' लागू किया जाए। साथ ही निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। उन्होंने वोटर सूचना स्लिप (वीआईएस) के समय पर वितरण के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ इंटरैक्टिव संदेह-निवारण सत्र भी आयोजित किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें चुनावी सूची तैयार करने, पांच चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने, सूचना प्रौद्योगिकी एप्लिकेशन और प्लेटफॉर्म के उपयोग और चुनाव के दौरान मीडिया से संबंधित मामलों को संभालने के प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी दी। यह दोहराते हुए कि केंद्रीय पर्यवेक्षक आयोग के 'आंखें और कान' होते हैं, आयोग ने उनसे चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से अच्छी तरह परिचित होने और उनके सख्त और निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीधी प्रतिक्रिया देने को कहा।

# चांदपुर में सलीम हाशमी व इमरान आलम गिरफ्तार

## पुलिस अधिकारियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने अधिकारियों व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वायरल ऑडियो के आधार पर सलीम हाशमी व इमरान को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस संबंध में पुलिस विभाग ने प्रेस नोट जारी किया हैं। जिसमें कहा गया है कि चार फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक आपत्तिजनक ऑडियो वायरल हुई थी। जिस ऑडियो में पुलिस अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस संबंध में चांदपुर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 63/26 धारा 353 (2), 352 व 351 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने इस मामले में सलीम हाशमी पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मौहल्ला राकिब नगर, काजीजादगान एवं इमरान पुत्र जहाने आलम निवासी मौहल्ला काजी सराय को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो मोबाइल भी बरामद किए गए है।

# अवैध खनन के विरूद्ध अभियान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** शासन के निर्देशानुसार अवैध परिवहन एवं अवैध खनन के खिलाफ एक फरवरी से 15 फरवरी तक संचालित अभियान के संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकार एआरटीओ प्रवर्तन मीनिंग ऑफिसर के साथ आयोजित बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी फील्ड में निकाल कर ओवरलोडेड वाहनों एवं अवैध परिवहन कर रहे वाहनों की जांच करेंगे।

बिना नंबर प्लेट में छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए एवं यह भी निर्देशित किया गया कि खनन परिवहन में लगे हुए वाहनों का विभागीय पोर्टल https://registration.vtsdgm.up.in/register पर उनका रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है तथा ऐसे वाहन जीपीएस डिवाइस लगवा कर ही खनिज का परिवहन करेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान चलाकर लम्बित चालान वाले वाहनों, ओवरलोड तथा फर्जी / धुन्धले / गलत नम्बर प्लेट लगाकर खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी यदि उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अपंजीकृत मालवाहन, ओवरलोड, बिना नम्बर प्लेट व हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगे वाहनों के विरुद्ध भी विशेष चेंकिंग अभियान चलाकर शासन के उप निर्देशों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर स्वामियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में जनपद की आज सभी तहसीलों में एसडीएम एवं क्षेत्राधिकार द्वारा संयुक्त रूप से खनिज परिवहन कर रहे हैं वाहनों की जांच की गई एवं उनका जुर्माना भी लगाया गया।

## एक नजर

### दीन की तालीम हासिल करने पर जोर



**नजीबाबाद।** ग्राम शाहबपुरा उर्फ हिन्दूपुर में शब ए बरात के मौके पर जामा मस्जिद में सालाना इजलास में उलेमाओं ने इस्लाम पर रोशनी डालते हुए लोगों से बच्चों को दीन की तालीम देने पर जोर दिया। सालाना इजलास में मदरसा इस्लामिया सिद्दीकुलउलूम के चार बच्चों की भी दस्तारबंदी हुई। ग्राम हिन्दूपुर की जामा मस्जिद में शब ए बरात के मौके पर दीनी इजलास का आयोजन किया गया। मौलाना अब्दुल करीम कासमी ने अपने ब्यान में मुसलमानों से चुगली, हसद, वाहियात काम न करने पर जोर दिया। मुफ्ती रियाज अल हम्द कासमी ने अपने खिताब में कहा कि मदरसें दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करने के अहम केन्द्र है। उन्होंने तालीम को जिंदगी का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह इंसान को सही-गलत का फर्क बताती है । मुफ्ती मौहम्मद मुकर्रम ने इस्लाम को मौहब्बत और इंसा. नियत का मजहब बताते हुए नबी ए करीम की जिंदगी पर रौशनी डाली। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद शारिक ने इजलास का संचालन किया। इस मौके पर मौहम्मद कैफ हिन्दूपुर, मौहम्मद अनस हकीमुद्दीन बैगराजपुर, मौहम्मद बिलाल हिन्दूपुर व मौहम्मद दानिश फजलपुर तबेला की दस्तारबंदी हुई। इन बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए इनामात भी दिए गए। इस मौके पर मदरसा कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वसीम अहमद, खजांची जाकिर हुसैन, आफताब आलम, शाकिर हुसैन, मौहम्मद राशिद, मेहर आलम, प्रधान पति मौहम्मद राशिद, मस्जिद कमेटी के वाजिद हुसैन, मौहम्मद इरफान आदि मौजूद रहे।

### मयंक चौहान का स्वागत



**राजा का ताजपुर।** ग्राम रवाना शिकारपुर में भाजपा के संगठन महामंत्री मयंक चौहान का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नूर शोरूम का फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में भाजपा का हर एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ प्रत्याशी को लड़ाने का काम करें। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाए। इस मौके पर ग्राम प्रधान फुरकान अहमद अंसारी, दिलशाद अंसारी, फैजान अंसारी, शुऐब मलिक, जाहिद हुसैन, शाहिद अहमद, राहुल कुमार, इमामुद्दीन सिद्दीकी, राजेश कुमार, बाबू राम आदि मौजूद रहे।

### जल भराव से भारी परेशानी



**राजा का ताजपुर।** ईदगाह रोड पर घरों के पानी की निकासी न होने से राहगीरों को बड़ी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को सड़क के बीचों बीच भरे गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है। इस रोड पर बिना बरसात के भी बुरा हाल रहता है। ईदगाह रोड पर दो बड़े स्कूल है। किसी भी जनप्रति. निधि का इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। दोनों स्कूलों के बच्चों को पानी से गुजरना पड़ रहा है। कई बार स्कूल की गाड़ी पानी में फंस जाती है। गंदे पानी की निकासी को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की गई, मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। अगर सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण हो जाए, तो समस्या का समाधान हो सकता है। स्थानीय निवासी शाहिद अहमद, राहुल कुमार, इमामुद्दीन सिद्दीकी, राजेश कुमार, बाबू चौहान, अमित त्यागी, राम कुमार सिंह, राजेश सैनी आदि ने समस्या के समाधान की मांग की है।

### ग्रामीणों का अनिश्चिकालीन धरना




**बिजनौर।** चांदपुर की चुंगी से सिरधनी, कंभौर, गंगदासपुर, छोईया नंगली आदि ग्रामों को होते हुए चांदपुर रोड से मिलने वाले लगभग 14 किलोमीटर लम्बे मार्ग की हालत बेहद खराब है। इस मार्ग से चांदपुर, अमरो. हा, अलीगढ़, बुलंदशहर और हापुड़ के कांवड़ यात्री जाते है। लगभग छह महीने से सरकारी काम के नाम पर मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों की वजह से सड़क टूट कर पूरी तरह खत्म हो चुकी है। जिसकी वजह से गहरे-गहरे गड्ढे और कीचड़ हो गई है। जिस पर कांवड़ यात्रियों का चलना मुश्किल होगा। इस को लेकर कांग्रेस नेता नजाकत अली कंभौर, रावेन्द्र सिंह, योगेश सिंह, नरदेव सिंह राठी, उदय कुमार, हिमांशु राणा, निपेंद्र कुमार, समर सिंह, योगेंद्र सिंह, अमित कुमार, राहुल, देवेंद्र सिंह, गौरव चौधरी, अजय कुमार, सुखवीर, सोमपाल, मौहम्मद जाहिद, विनय राणा आदि ने ग्राम कंभौर के शिव मंदिर परिसर में धरना शुरू कर दिया है। इनका कहना है कि कांवड़ यात्रियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

### युवक पर हमला, जान से मारने की धमकी

**धामपुर।** क्षेत्र के सरकड़ा चकराजमल गांव में युवक पर रास्ते में हमला कर घायल किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा शाम करीब छह बजे घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रोककर मारपीट की और सिर पर डंडे से वार कर दिया। पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जोगीपुरा दरगाह के अलल-औलाद वारिस का शिया वक्फ बोर्ड को नोटिस

## सुप्रीम कोर्ट में जाने की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** वाकिफ सैयद नजर अब्बास वक्फ 1187 दरगाह आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा अलल-औलाद के वारिस सैयद शाह रजा नकवी की ओर से शिया वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश को दिए गए नोटिस में वक्फ अलल-औलाद होने का दावा किया गया है।

उन्होंने वक्फ बोर्ड से वक्फ डीड अनुसार मुतवल्ली व कमेटी तशकील करने को कहा है। वारिस पेशे से बिजनेसमैन है। उन्होंने कहा कि वह वाकिफ के पोते हैं। दादा सैयद नजर अब्बास पुत्र सैयद इब्राहिम हुसैन जोगीपुरा अहमदपुर सादात ने सन 1931 में विश्व प्रसिद्ध दरगाह आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा को बतौर अलल-औलाद दर औलाद सब रजिस्टार नजीबाबाद कार्यालय में 21अप्रैल,1931 को रजिस्ट्री कर दी थी। लेकिन शिया वक्फ बोर्ड आज तक अलल-औलाद डीड के विपरीत मुतवल्ली व कमेटी बनाते चले आ रहा है। वाकिफ द्वारा की गई वक्फ को खुर्द-बुर्द किया जा रहा था, जो बात न काबिले बर्दाश्त थी। लगभग 95 साल से हम लोग तो खामोश थे, लेकिन परिवार के सदस्यों द्वारा एक राय होकर 60 दिन का कानूनी नोटिस वक्फ बोर्ड को दिया गया है। वक्फ बोर्ड यदि वाकिफ के वारिस का पक्ष नहीं सुनेगा, तो जरूरत पड़ने पर भारत सरकार द्वारा संसद में वक्फ एक्ट 1995 संशोधन बिल 2025 के अनुसार वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ व सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे। विश्व प्रसिद्ध दरगाह आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा अहमदपुर सादात के असली वारिस के सामने आने से समाज में खलबली मची हुई है। अब देखना यह है कि आगे क्या होता है और शिया वक्फ बोर्ड इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# सपाइयों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में फर्जीवाडे की शिकायत



शाह टाइम्स ब्यूरो


**बिजनौर।** सपा के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंप कर एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में फार्म 7 फर्जी ढंग से भर कर एक विशेष समुदाय के वोट कटवाए जाने का आरोप लगाया है। सपा प्रतिनिधि मंडल ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सपा का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी जसजीत कौर से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल में भगीरथ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मदन लाल सैनी एड., निवर्तमान सपा जिला महासचिव धनंजय सिंह, बीके कश्यप, डॉ. रहमान, हनी फैसल, महमूद कस्सार, अखलाक पप्पू आदि शामिल थे। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 19 बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में कुछ लोगों के द्वारा फर्जी ढंग से फार्म 7 भर कर एक विशेष समुदाय के वोट कटवाने का काम किया जा रहा है। ऐसा ही एक प्रार्थना पत्र तीन फरवरी को सत्यवीर सिंह पुत्र रमेश कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट सुआवाला, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर के नाम से किसी ने रमेश कुमार के फर्जी साइन कर बीएलओ को दिया गया। 17 फार्म सात वोट कटवाने के लिए गए। जिसमें कहा गया था कि यह लोग यहां पर निवास नहीं करते है। जबकि रमेश कुमार का कहना था कि उसने ऐसा कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया था। रमेश के द्वारा इस संबंध में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी रील अपलोड की गई। प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि जो लोग फार्म 7 के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहे है, उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग के नियमों के मुताबिक मुकदमा दर्ज कराया जाए।

दूसरी तरफ वरिष्ठ सपा नेता मदन लाल सैनी एड. ने कहा कि विरोधियों को अच्छी तरह से पता चल गया है कि इस बार वह चुनाव नहीं जीत सकते हैं। आम जनता में भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश है। इस लिए वह एक समुदाय विशेष के वोट कटवाकर चुनाव जीतने का हथकंडा अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। प्रत्येक मतदाता जाग गया है। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट के लिए पूरी लड़ाई लड़ी जाएगी।

# स्योहारा में खुलेआम बिक रहा चाइनीज मांझा

## चेकिंग अभियान चलाने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** रंग-बिरंगी पतंगों के बीच स्योहारा में चाइनीज मांझे का खतरनाक कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद नगर और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी तादाद में चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है, जिससे आम नागरिकों, दोपहिया वाहन चालकों और मासूम पक्षियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।

हाल ही में लखनऊ के हैदरगंज फ्लाईओवर पर चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के कारण एक युवक की दर्दनाक मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश भर में चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि चाइनीज मांझे से होने वाली मौत को हत्या का मामला माना जाएगा। इसके बावजूद स्योहारा में अब तक कोई प्रभावी चेकिंग अभियान शुरू नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजारों और गली-मोहल्लों में चोरी-छिपे चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है, लेकिन इस पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में तत्काल विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। पतंग और मांझे की दुकानों की सघन तलाशी ली जाए तथा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अभियान नहीं चलाया गया तो कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों ने प्रशासन से मुख्यमंत्री के आदेशों का सख्ती से पालन कराते हुए चाइनीज मांझे के खिलाफ तुरंत कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।

# एसडीएम से मिले अनुज मलिक

## फार्म 7 के दुरुपयोग को लेकर जताई चिंता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान फॉर्म 7 को लेकर फर्जी शिकायतें दाखिल करने से एक समुदाय विशेष के सही मतदाताओं के वोट काटे जाने की साजिश सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं ने गहरी चिंता जताई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व ब्लॉक प्रमुख और सपा नेता अनुज मलिक ने एसडीएम सदर ऋतु रानी से इस संबंध में मुलाकात कर प्रक्रिया में पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता बरतने की मांग की। सपा के प्रमुख नेता अनुज मलिक, कामेंद्र तोमर, महमूद कस्सार, संजय पाल सहित अन्य ने एसडीएम सदर ऋतु रानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने फॉर्म 7 के दुरुपयोग से निर्दोष मतदाताओं के नाम कटने की संभावना पर प्रकाश डाला और कहा कि फर्जी आपत्तियों के आधार पर वोट काटे जाने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। मुलाकात के दौरान एसडीएम सदर ऋतु रानी ने आश्वासन दिया कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों की जांच सख्ती से की जाएगी और किसी भी निर्दोष मतदाता के नाम को अनुचित तरीके से नहीं काटा जाएगा। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि फर्जी शिकायतों के मामलों में उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सपा नेताओं ने इस मुलाकात को सकारात्मक बताते हुए कहा कि प्रशासन से मिले आश्वासन से उम्मीद जगी है कि मतदाता सूची में कोई अन्याय नहीं होगा। वे आगे भी इस मुद्दे पर नजर रखेंगे, ताकि पीडीए समाज सहित सभी वर्गों के मताधिकार सुरक्षित रहें।

# बिजनौर यूथ फाउंडेशन के शिविर में आंखों की जांच

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के सामाजिक अग्रणी संस्था बिजनौर यूथ फाउंडेशन की ओर से कोतवाली देहात में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधुनिक मशीनों द्वारा आंखों के रोगों का परीक्षण किया गया, जिसमें भारी संख्या में बुजुर्गों और असहाय लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान देहरादून के विख्यात श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल से आए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ और डॉ. शौकीन ने अपनी मेडिकल टीम के साथ मरीजों के आंखों की गहनता से जांच की। डॉक्टरों ने बताया कि शिविर में आए लगभग 500 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद, काला पानी और दृष्टि दोष की शिकायतें मिलीं। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि परीक्षण के दौरान 40 से अधिक ऐसे मरीजों का चयन किया गया है, जिनकी आंखों का ऑपरेशन अनिवार्य है। इन सभी मरीजों को संस्थान की ओर से श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून ले जाया गया है, जहाँ उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में आए मरीजों को फाउंडेशन द्वारा मुफ्त दवाइयां और चश्मे के परामर्श दिए गए।

# कपिल की बदौलत हजारों वोट कटने से बचे

## बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बड़ी साजिश का खुलासा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 21 हजार मुस्लिम मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कटवाए जाने की भाजपा नेताओं की साजिश का खुलासा होने के बाद सपा के पूर्व प्रत्याशी कपिल कुमार ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी एक सही मतदाता का नाम वह कटने नहीं देंगे। उन्होंने इस संबंध में अफजलगढ़ ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अपनी आपत्ति भी दर्ज करा दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया के अंतिम चरण के दौरान फार्म 7 के माध्यम से सही मुस्लिम मतदाताओं के नाम थोक में कटवाए जाने की साजिशों का लगातार खुलासा हो रहा है। बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग 21 हजार मुस्लिम मतदाताओं के नाम सूची से कटवाकर विधानसभा चुनाव में एक-तरफा जीत हासिल करने की साजिश रची गई। इस साजिश को अमली जामा पहनाने के लिए थोक में फार्म तैयार किए गए। रेहड़ ग्राम में लगभग 360 मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाने की साजिश रची गई। रेहड़ की ग्राम प्रधान तक का नाम काटे जाने के लिए फार्म दिया गया। गंभीर बात यह है कि जिनके हस्ताक्षर से यह फार्म 7 तैयार कराए गए, उन्होंने साजिश का खुलासा करते हुए बता दिया कि भाजपा नेताओं ने उनसे ऐसा करवाया है और वह अपने फार्म पर कार्रवाई नहीं चाहते हैं। जैसे ही पूरे विधानसभा क्षेत्र में इस साजिश का खुलासा हुआ, तो खलबली मच गई। बरसों से वोट डालते आ रहे बुजुर्ग मतदाताओं के नाम भी काटे जाने के लिए फार्म 7 दिया गया। जैसे-जैसे मुस्लिम मतदाताओं को अपने वोट काटे जाने और उन्हें बाहरी नागरिक ठहराए जाने की साजिश के बारे में पता चला, तो आक्रोश फैल गया। उन्होंने अपने क्षेत्र के बीएलओ व अन्य अधिकारियों से भी सम्पर्क किया। जानकारी में आया कि यह फार्म वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अधिकारियों को दिए है, ताकि चुनाव में विपक्षी दलों को आसानी से हराया जा सके और मुस्लिम मतदाताओं को बाहरी नागरिक ठहराया जा सके।

इसी क्रम में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी रहे एवं रिकार्ड वोट हासिल करने वाले मजबूत नेता कपिल कुमार ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने दो टूक कह दिया कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र से किसी भी एक सही मतदाता का नाम नहीं कटने देंगे। उन्होंने कहा कि वह इस साजिश को किसी भी कीमत पर कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है।

इस लिए वह इतनी बड़ी साजिश रच रहे है। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह जाग जाए और अपने वोटों पर नजर रखें। किसी भी कीमत पर एक भी सही वोट न कटने दें।

इस संबंध में उन्होंने आज ब्लॉक अफजलगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी एवं क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी से भी मुलाकात की। उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि इस तरह का भ्रष्टाचार एवं गुण्डागर्दी नहीं चलने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि एक भी गलत वोट नहीं बनना चाहिए और एक भी सही वोट नहीं कटना चाहिए। सूत्र बताते है कि अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि पूरी पारदर्शिता के साथ सही काम होगा और नाजायज ढंग से किसी का भी वोट नहीं काटा जाएगा। इस मौके पर उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष शेख आबिद, डॉ. जुल्फकार, डॉ. रंजीत सिंह, रवि पाल, रमेश सैनी आदि भी थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सलमान हत्याकांड में चार को सजा

## 10-10 वर्ष का कारावास व 50-50 हजार रूपये का अर्थ दंड भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सलमान हत्याकांड में चार आरोपियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही उन पर 50-50 हजार रूपये का अर्थ दंड भी लगाया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर टांडा में वर्ष 2019 में शादी समारोह में हुए विवाद के कारण एक युवक की निर्मम हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने दोषसिद्ध राशिद, रियासत, शहजाद व शमीम निवासीगण हिदायतपुर को दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा पचास-पचास हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अलग से सजा भुगतनी पड़ेगी।


मृतक सलमान


मृतक नसीम उर्फ बाबू



गौरतलब है कि दो पक्षों के दरमियान 21 नवम्बर 2019 को एक शादी समारोह में मामूली सी बात को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें सलमान पुत्र नसीम उर्फ बाबू बुरी तरह से जख्मी हो गया था। जिसे तत्काल सीएचसी से रैफर कर काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मौत व जिंदगी से जंग लड़ते हुए 22 दिन के बाद 11 दिसंबर 2019 को मौत हो गई थी। इसमें चार नामजद आरोपियों रशीद, रियासत, शहजाद और शमीम को जेल भेज दिया गया था। कुछ समय बाद ही चारों आरोपी जमानत पर बाहर आ गए थे।

चार वर्ष बाद जब पिता द्वारा पुत्र की हत्या की मजबूत पैरवी करने के बाद मुकदमा जजमेंट पर पहुंचा तो 04 जून 2024 को मृतक सलमान के पिता नसीम उर्फ बाबू की भी उस समय दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह अपने खेत पर बने मुर्गी फार्म में मौजूद था। जिस कारण क्षेत्र में भारी सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर तत्कालीन एडिशनल एसपी धर्म सिंह मार्छाल, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सुनीता दहिया व थाना अध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए उठाने का प्रयास किया, परंतु परिजनों व रिश्तेदारों के भारी विरोध के चलते कई घंटे तक शव को उठाने दिया गया। पुलिस ने परिजनों की नामजद तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 190/2024 दर्ज कर तत्काल चार आरोपियों राशिद व रियासत, पुत्रगण मौहम्मद उमर, शहजाद पुत्र अशरफ, नसीम पुत्र बाबू रफीक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जो मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# ठगों ने वृद्ध महिला के उतरवा लिए कुंडल

## अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के व्यस्तम मार्केट में दिन दहाड़े एक वृद्धा को झांसे में लेकर दो ठगों ने उसके कुंडल उतरवा लिए और रफूचक्कर हो गए। महिला के पति द्वारा शिकायत करने पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर के कुंजवन क्षेत्र में दो ठगों ने बाबा का भेष धरकर एक महिला को झांसे में लेकर उसके सोने-चांदी के गहनों समेत करीब 50 हजार रुपए का सामान ठग लिया।

थाना कोतवाली नगीना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम खानपुर निवासी चन्द्रपाल पुत्र मंगल सिंह ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उसकी पत्नी संतोष देवी दो फरवरी को किसी काम से दोपहर के करीब 12 बजे नगीना गई थी। जब महिला नगर पालिका भवन के गेट पर पहुंची तभी उसे एक बाबा ने रोका और उससे बात चीत करने लगा। बाबा के साथ एक लड़का भी था। बात चीत करते-करते बाबा ने महिला से काली के मन्दिर का पता पूछा और बात चीत करते-करते महिला के सिर पर हाथ रख दिया। इसी दौरान उसने कलाकारी से महिला के आभास हुए बिना उसके कुन्डल उतार लिए और महिला के सामने से ही बड़ी चालाकी से वो कुन्डल कागज की पुडिया में लपेटकर महिला को दे दिये। बाबा ने महिला को झांसा देकर पुडिया को घर जाकर ही खोलने के लिए कहा। जब महिला ने घर पहुंचकर पुड़िया खोली, तो उसमे से कुन्डल के वजाय एक-एक रुपये के पांच सिक्के निकले, जिससे महिला काफी परेशान हो गई। महिला ने डरते-डरते यह बात अपने पति को चार फरवरी को बताई। पुलिस ने पीड़ित वृद्ध महिला के पति के आवेदन पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एक नजर

### पत्रकार सुशील कुमार रस्तोगी का निधन



**धामपुर।** पत्रकार सुशील कुमार रस्तौगी का बीती रात निधन हो गया है। उनकी उम्र लगभग 65 वर्ष थी। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर रात्रि लगभग 2:15 बजे सुशील कुमार रस्तौगी ने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार पाकर पत्रकारिता जगत सहित पूरे नगर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बेटे शलभ रस्तौगी ने बताया कि उनके पिता की पांच दिन पहले तबियत बिगड़ी तो उन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि रात्रि लगभग सवा दो बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार रस्तौगी के निधन का समाचार पाकर हर किसी आंख नम हो गई। सुशील रस्तौगी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यशील थे। उन्होंने कई प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों सहित इलेक्ट्रॉनिक चैनल में कार्य किया है। उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। बड़े ही सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के धनी सुशील कुमार रस्तौगी ने हमेशा गरीब, मजदूर और पीड़ितों की मदद लिए अपनी कलम चलाई है। नगर के पत्रकारों ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली खंभे से टकराई



**स्योहारा।** नूरपुर रोड पर कुरी के पास एक बड़ा हादसा होने से टल गया। बुढ़नपुर से गन्ना लेकर स्योहारा शुगर मिल जा रहा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने से आ रहे ट्रक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर एक ईंट पर चढ़ गया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार होने के कारण ट्रैक्टर सीधे सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया और खंभे के सहारे लगभग खड़ा हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक सोनू बाल-बाल बच गया और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि टक्कर के चलते ट्रैक्टर के अगले हिस्से में काफी नुकसान हुआ है। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर ज्यादा यातायात नहीं था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

### गुलदार ने किया पिल्ले पर हमला



**नहटौर।** ग्राम रूगड़ी में बरामदे में जंजीर से बंधे कुत्ते के पिल्ले पर गुलदार ने झपटा मारकर घायल कर दिया। पिल्ला जंजीर में बंधा होने पर गुलदार उसे ले जाने में असफल रहा। क्षेत्र के ग्राम रूगड़ी निवासी ठाकुर अंकुर चौहान के घर पर बरामदे में उनका पालतू कुत्ते का पिल्ला जंजीर में बंधा हुआ था। बताया जाता है कि जंगल की ओर से निकलकर आए गुलदार ने कुत्ते के पिल्ले को उठाने के उद्देश्य से झपटा मार दिया। जंजीर में कुत्ता बंधे होने के कारण वह उसे उठाने ले जाने में असफल रहा। गुलदार के झपटा मारने से कुत्ते का पिल्ला घायल हो गया।

### घायल की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर गोकल उर्फ गढ़वावाला निवासी कश्मीरी सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह, रविदास जयंती के दिन शाम करीब चार बजे बिना बताए घर से लापता हो गया था। सोमवार सुबह हरि सिंह के खेत की चकरोड पर कश्मीरी सिंह को घायल अवस्था में बेहोशी की हालत में मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने घटना को संग्दिध बताते हुए जांच शुरू कर दी थी। घायल कश्मीरा सिंह के होश में आने पर उससे पूछताछ की गई तो उसने अरविंद कुमार, सुधांशु कुमार, अरुण कुमार निवासी ग्राम हीरापुर गोकल तथा विशेष कुमार निवासी ग्राम नारायणवाला पर आरोप लगाया। घायल का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उसका अपहरण कर गन्ने के खेत में ले जाकर धारदार हथियार से गले पर हमला किया और उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। घायल की पत्नी हेमलता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने मुकदमे की दृष्टि करते हुए बताया कि शीघ्र ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार पर लिया जाएगा।

### तीन गुलदार दिखने से दहशत

**अफजलगढ़।** गांव फतेहउल्ला नगर में निर्मल सिंह सैनी ढाबा के निकट गेहूं के खेत में तीन गुलदार घूमते हुए देखे गए। स्थानीय लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। एक साथ तीन गुलदार दिखने से आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने की फसल कटने के बाद गुलदार अब रिहायशी इलाकों और खेतों की ओर आने लगे हैं।

# गन्ना क्रय केंद्र पर घटतोली को लेकर किसानों का हंगामा

## मिल कर्मियों ने दी किसानों के खिलाफ तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम थेपुर स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर घटतोली किए जाने का आरोप लगाते हुए किसानों ने जमकर हंगामा किया। मिल कर्मियों ने किसानों पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुधवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा ब्लॉक अध्यक्ष मौहम्मद नवेद अपना गन्ना लेकर द्वारिकेश शुगर मिल बूंदकी के थेपुर गन्ना केंद्र पर पहुंचे थे। मौहम्मद नावेद ने बताया कि संदेह होने पर उन्होंने अपने गन्ने की तौल धर्म कांटे पर भी कराई। जहां गन्ने का वजन अधिक पाया गया। उन्होंने इस संबंध में गन्ना केंद्र के इंचार्ज से शिकायत की, तो इंचार्ज ने उनकी बात को अनसुना करते हुए मनमानी रवैया अपनाया।

इसके बाद मौहम्मद नवेद ने मामले की जानकारी अपने संगठन के पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू तथा संगठन से जुड़े लोग गन्ना केंद्र पर पहुंच गए और घटतौली का विरोध किया। आरोप है कि अपनी कथित गड़बड़ी को छुपाने के उद्देश्य से गन्ना केंद्र पर कार्यरत इंचार्ज व उसके साथियों ने गन्ना तोलने वाली मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए गन्ना क्रय कार्य प्रभावित रहा। मौके पर निरीक्षण बुक नहीं दी गई। जब ज्येष्ठ गन्ना विभाग निरीक्षक नजीबाबाद सुनील कुमार तथा खांडसारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद मौके पर पहुंचे। जांच करते समय मिल के कुछ कर्मचारी उनसे भीड़ गए तथा मशीन उठा ले गए। इस मौके पर मिल के एजीएम यशपाल सिंह सहित अन्य कर्मचारी व अधिकारी भी मौजूद रहे।

बृहस्पतिवार शाम द्वारिकेश शुगर मिल के कर्मचारी किसानों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में तहरीर दे गए। इसकी सूचना मिलने पर संगठन के जिला अध्यक्ष के साथ दर्जनों कार्यकर्ता थाने में पहुंचे तथा निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला अध्यक्ष ने बताया कि मिल कर्मचारियों द्वारा घटतौली की गई। विरोध करने पर हठधर्मिता दिखाते हुए मशीन लेकर चले गए और किसानों पर मुकदमा लिखवाने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हिंदू घरों में मुस्लिम मतदाताओं के वोट शामिल

## टीचर्स कॉलोनी की मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर तहसील क्षेत्र में फार्म-7 को लेकर पहले ही मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप सुर्खियों में हैं। इसी क्रम में नगर की टीचर्स कॉलोनी से भी एक मामला सामने आया है, जहां कॉलोनीवासियों ने मतदाता सूची में गंभीर अनियमित. ताओं का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी में मुस्लिम परिवार निवास नहीं करते, इसके बावजूद मतदाता सूची में कई मकानों पर मुस्लिम मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए हैं।



टीचर्स कॉलोनी निवासी आनंद सिंह ने बताया कि हाल ही में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जब बीएलओ द्वारा सूची का सत्यापन कराया जा रहा था, तब उन्होंने अपने मकान संख्या 140 पर एक महिला मतदाता का नाम दर्ज पाया, जिसे वह पहचानते तक नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सूची की गहनता से जांच करने पर कॉलोनी के कई अन्य मकानों पर भी ऐसे नाम दर्ज मिले, जिनका उस पते से कोई संबंध नहीं है।

आनंद सिंह के अनुसार कुछ मकानों पर मतदाताओं की संख्या असामान्य रूप से अधिक दर्शाई गई है। डीआर हर्ष देव सिंह ने आरोप लगाया कि एक ही मकान नंबर पर 50 से अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जो व्यवहारिक रूप से संभव प्रतीत नहीं होता। कॉलोनीवासियों का कहना है कि सामान्यत: एक मकान में सीमित संख्या में लोग रहते हैं, ऐसे में एक ही पते पर दर्जनों मतदाताओं का दर्ज होना मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़े करता है।

कॉलोनी निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में उपजिलाधिकारी धामपुर से भी शिकायत की गई थी। अधिकारियों की ओर से जांच का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन अभी तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई या भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी किसी अधिकारी या बीएलओ द्वारा कॉलोनी में आकर वास्तविक सत्यापन नहीं किया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मतदाता सूची में गलत पते पर नाम दर्ज होने से वास्तविक मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं और इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लगते हैं। कॉलोनी के पूर्व प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह, डॉ. विना. द कुमार, डॉ. करण सिंह, डॉ. हर्षदेव सिंह सहित कई अन्य नागरिकों ने मतदाता सूची को दुरुस्त कराने और कथित फर्जी प्रविष्टियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

कॉलोनीवासियों ने कहा कि यदि समय रहते मतदाता सूची में सुधार नहीं किया गया तो आगामी चुनाव में इसका गलत असर पड़ सकता है। लोगों ने निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और गलत पते पर दर्ज नामों को सत्यापन के बाद हटाया जाए, ताकि मतदाता सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि शिकायतों की जानकारी ली जा रही है और नियमानुसार सत्यापन की प्रक्रिया अपनाकर आवश्यक सुधार किया जाएगा।

# एम्बुलेंस सेवा में बेखौफ खुली लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में मरीजों की जान बचाने के लिए चलाई जाने वाली एम्बुलेंस सेवा अब आम जनता के लिए राहत नहीं बल्कि लूट और शोषण का जरिया बनती जा रही है।

**मरीजों की मजबूरी बन रही कमाई का जरिया**

स्योहारा से मुरादाबाद के बड़े अस्पतालों तक मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंस सेवाओं में खुलेआम मनमानी वसूली और कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। हालात यह हैं कि जैसे ही किसी गंभीर मरीज को स्योहारा से मुरादाबाद रेफर करने की बात आती है, वैसे ही परिजनों की जेब पर सीधा हमला शुरू हो जाता है। सूत्रों और पीड़ित परिजनों के अनुसार स्योहारा से मुरादाबाद अस्पताल तक एम्बुलेंस का किराया दो हजार से तीन हजार रुपये तक वसूला जा रहा है, जबकि न तो इसका कोई तय रेट है और न ही दूरी के हिसाब से कोई मानक। मजबूरी में फंसे परिजन मरीज की जान बचाने के लिए बिना बहस किए यह रकम चुकाने को मजबूर हो जाते हैं। सूत्रों का आरा. ेप है कि एम्बुलेंस चालक केवल मरीज को ले जाने तक ही सीमित नहीं रहते बल्कि जिस निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती कराया जाता है, वहां से भी कमीशन लेते हैं। इसी वजह से कई बार मरीज की हालत चाहे जैसी हो उसे तय अस्पतालों में ही ले जाया जाता है। यह पूरा नेटवर्क मरीजों की मजबूरी और अज्ञानता का फायदा उठाकर मोटी कमाई कर रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब वही मरीज इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी लेकर वापस स्योहारा आता है तो वापसी में वही एम्बुलेंस चालक बहुत कम किराया लेता है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि लूट का असली खेल केवल मरीज को भर्ती कराने के समय ही खेला जाता है, जहां कमीशन और मोटी वसूली छिपी होती है।

### प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी

सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर स्योहारा में एम्बुलेंस चालकों की इस खुली मनमानी पर नियंत्रण कौन करेगा। क्या स्वास्थ्य विभाग प्रशासन या परिवहन विभाग को इस अव्यवस्था की जानकारी नहीं है या फिर सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंद ली गई हैं। सरकारी अस्पताल से जुड़े होने के बावजूद एम्बुलेंस सेवाओं पर न तो कोई निगरानी है और न ही शिकायत निवारण की ठोस व्यवस्था नगरवासियों और मरीजों के परिजनों में इस लूट को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सरकार एक ओर मुफ्त और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की बात करती है। वहीं दूसरी ओर एम्बुलेंस जैसी जरूरी सेवा गरीब और मजबूर लोगों की जेब काटने में लगी है। जनता ने मांग की है कि एम्बुलेंस किराए की दरें तय की जाएं। कमीशनखोरी पर सख्त रोक लगे। दोषी एम्बुलेंस चालकों पर कानूनी कार्रवाई हो और इन प्राइवेट एम्बुलेंस के लिए एक शिकायत हेल्पलाइन शुरू की जाए। अब देखना यह है कि स्योहारा प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मामले को कब तक नजरअंदाज करता है या फिर आम जनता को इस लूट से राहत दिलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

# किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम तेलीपुरा में एक किशोरी की आत्महत्या का मामला सामने आया है। 15 वर्षीय किशोरी ने बुधवार की रात जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परि. जनों को सौंप दिया है।

सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीपुरा निवासी संजीव कुमार की 15 वर्षीय पुत्री कुमारी जिया ने बुधवार की देर रात लगभग साढ़े आठ बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। लड़की की बिगड़ती हालत देखकर घबराए परिवार के लोग उसे उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए। जहां उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ती देख उसे रात के समय ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतका द्वारा जहर खाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। वहीं कुछ लोगों द्वारा ग्राम के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग होने की बात कही जा रही है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि मृतका के शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान मौजूद नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

## एक गंभीर घायल जिला अस्पताल रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को 112 पुलिस व 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर निवासी 48 वर्षीय निपेंद्र सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह बृहस्पतिवार को अपने मुकदमे के संबंध में नगीना मुंसफी पहुंचा और मुकदमे की अगली तारीख लेकर बाइक द्वारा वापस अपने ग्राम जा रहा था।

दोपहर 12:30 बजे जब वह नगीना कोतवाली मार्ग स्थित ग्राम जीतपुर की पुलिया पर पहुंचा तभी अचानक सामने से आ रही बाइक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें निपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना स्थल पर एकत्र हुए राहगीरों ने घटना की सूचना डॉयल 112 को दी। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और घायल निपेंद्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

वहीं दूसरी घटना में रेलवे लाइन पार स्थित आजाद कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय अंकुर शर्मा पुत्र हरिओम बुधवार की रात एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# लोडिंग वाहन नीलगाय से टकराकर पलटा, चालक घायल

**बढ़ापुर।** थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी अंकित कुमार टाइल्स लेकर ग्राम हरेवली गया था। वहां से वापस लौटते समय बेनीपुर-हरेवली मार्ग पर ग्राम बेनीपुर के पास अचानक खेत से निकली नीलगाय सड़क पर आ गई और वाहन नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में वाहन चालक अंकित घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को वाहन से बाहर निकालकर पास के चिकित्सक से उपचार दिलाया और ट्रैक्टर की मदद से वाहन को खेत से निकलवाया।

# थाना प्रभारी को जातिसूचक गालियां देने का मामला दर्ज

## खनन न कराने की रंजिश में पुलिस की छवि धूमिल करने का आरोप

**डॉ. मुसिफुल हक**

**मंडावली।** थाना मंडावली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के मामले में पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में थाना प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध अमर्यादित व जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप सामने आया था।

प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, उन्हें चार फरवरी 2026 को समाचार चैनलों के माध्यम से चार वीडियो क्लिप प्राप्त हुईं। जिनमें एक व्यक्ति थाना प्रभारी के खिलाफ जातिसूचक टिप्पणी करते हुए सुना जा रहा था। मामले की जानकारी लेने पर तथ्य सामने आए कि उक्त व्यक्ति मुकुल तोमर पुत्र देवेंद्र सिंह, निवासी ग्राम चमरौला, थाना नांगल, जनपद बिजनौर है, जो स्वयं को किसान यूनियन का कार्यकर्ता बताता है।

पुलिस के अनुसार एक, दो फरवरी 2026 की रात्रि में हरिद्वार बॉर्डर से नियमानुसार रॉयल्टी जमा कर रोडी-बदरपुर ला रहे। ट्रकों से मुकुल तोमर द्वारा अवैध वसूली का प्रयास किया जा रहा था। वाहन स्वामियों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर मौके पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए और उसे वसूली से रोका गया। बताया गया कि जब मौके पर मौजूद लोगों ने थाने को सूचना देने की बात कही, तो आरोप है कि मुकुल तोमर ने थाना प्रभारी के संबंध में जातिगत टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि थाना प्रभारी ने उसका एक काम नहीं किया था। इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। थाना प्रभारी ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया है कि मुकुल तोमर ने उनके थाना क्षेत्र में तैनाती के बाद सबलगढ़ ग्राम की ओर चोरी-छिपे नदी से खनन कराने का अनुरोध किया था, जिसे उन्होंने स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हुए बिना विभागीय अनुमति किसी भी प्रकार के खनन को अवैध बताया था और कार्रवाई की चेतावनी दी थी। पुलिस का कहना है कि इसी रंजिश में थाना प्रभारी को जातिगत रूप से अपमानित करने और पुलिस की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया।

प्रकरण में मुकुल तोमर के विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच सीओ नजीबाबाद को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की सत्यता, घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भूमिका और अवैध वसूली के आरोपों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि जातिसूचक टिप्पणी, अवैध वसूली और कानून पर दबाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दंपति को टक्कर मारने के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धामपुर।** थाना धामपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर राजपूताना होटल और पेट्रोल पंप के बीच मंगलवार शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार परिवार को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार युवक की पत्नी और उसकी चार वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया थे। शहजादपुर निवासी विकास कुमार अपनी पत्नी मंजू देवी और बेटी सृष्टि के साथ बाइक से ग्राम ढक्का स्थित शादी समारोह में जा रहा था। शाम करीब सात बजे पीछे से आए ट्रक (यूके नंबर) ने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पत्नी और बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिए हैं। अब घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री उस्मान अली पुत्र श्री अब्दुल हमीद मौहल्ला रम्पुरा (अमान नगर)** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री वसीम अहमद सलमानी व मुजीब अहमद पुत्रगण श्री अतीक अहमद** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 616/24 रम्पुरा (अमान नगर) नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# मतदाता सूची में नाम कटने का मामला संसद पहुंचा

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम कटने के मामलों को लेकर अब मामला संसद तक पहुंच गया है। नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मतदाता सूची से कथित रूप से गलत तरीके से नाम हटाए जाने पर गंभीर चिंता जताई है। सांसद ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बिना पर्याप्त पारदर्शिता के काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है।

धामपुर विधानसभा क्षेत्र के टीचर्स कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से सामने आई शिकायतों के बाद यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कुछ घरों में ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए हैं जो वहां रहते ही नहीं हैं, जबकि कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने की बात कही जा रही है। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने पत्र में कहा है कि मतदाता सूची से किसी नागरिक का नाम हटाया जाना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह उसके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि यह प्रक्रिया पारदर्शी, जवाबदेह और सार्वजनिक निगरानी के दायरे में नहीं होगी तो इससे चुनावी निष्पक्षता और लोकतंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

पत्र में मांग की गई है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर उन मतदाताओं की सूची सार्वजनिक की जाए, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही नाम हटाने के स्पष्ट कारण भी बताए जाएं। इससे प्रभावित मतदाताओं को समय रहते जानकारी मिल सकेगी और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उचित कानूनी कदम उठा सकेंगे। इसके साथ ही सांसद ने यह भी मांग की है कि यदि किसी मतदान केंद्र पर यह पाया जाता है कि किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से या नियमों के विरुद्ध काटा गया है, तो संबंधित उपजिलाधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। पत्र में दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश देने की मांग भी की गई है। धामपुर क्षेत्र में वोटर लिस्ट को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सांसद का यह पत्र प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मतदाता सूची की गड़बड़ियों को नहीं सुधारा गया तो आगामी चुनावों में बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। फिलहाल सभी की निगाहें चुनाव आयोग की कार्रवाई पर टिकी हैं कि वह इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस निर्देश जारी किए जाते हैं।

# खुलेआम बिक रहा है चाइनीज मांझा

**नांगल सोती।** भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश दिए हो लेकिन सोती क्षेत्र में चाइनीज मांझा पतंग उड़ाने के लिए खुलेआम दुकानों पर बेरोक टोक बेचा जा रहा है। नांगल सोती क्षेत्र में परचून और छोटी दुकानों पर जानलेवा चाइनीज मांझा खुलेआम बेचा देखा जा सकता है। यह चाइनीज मांझा देश में तमाम लोगों की जान ले चुका हैं, वही इसकी चपेट में आकर सैकड़ों लोग गंभीर घायल हो चुके हैं। इसके साथ ही यह चाइनीज मांझा बेजुबान पक्षियों के लिए किलर मांझा साबित हो रहा हैं। जानकार लोगों का कहना है कि यह मांझा स्ट्रेचेबल होता है जो खींचने पर बढ़ जाता है, तोड़ना और काटना बहुत ही मुश्किल है। यह देखने में प्लास्टिक जैसा लगता है। नायलान के मजबूत धागे पर कैमिकल और किसी मेटल की परत चढ़ाकर तेज धार बनाई जाती है। इसी तेज धार के चलते कई लोगों की देश भर में मौत हो चुकी है। इसके साथ ही पतंग उड़ाते समय कई बेजुबान पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गवा चुके हैं। नांगल क्षेत्र में बच्चे दुकानों से खरीदकर पतंग उड़ाते देखे जा सकते है। दुकानदार अधिक मुनाफे के चक्कर में इस मांझे को खुलेआम बेच रहे है।

# महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भोले के भक्त भंडारे समिति की एक महत्वपूर्ण योजना बैठक समिति अध्यक्ष अंचल चौहान के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे की तैयारियों, व्यवस्थाओं और संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

समिति अध्यक्ष अंचल चौहान ने बताया कि समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भव्य एवं सुव्यवस्थित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से प्रारंभ होकर तीन दिनों तक यह भंडारा एनएच-734 स्थित गढ़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही पेयजल, चिकित्सा सुविधा, रात्रि विश्राम और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति द्वारा सफाई व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।


बैठक में समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, चिकित्सा शिविर, भक्तों के ठहरने की व्यवस्था और सेवा कार्यों के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में विजय वर्मा, अरविंद वर्मा, विनीत दीक्षित, रिकू, सुमित वर्मा, मयंक भारद्वाज सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और शिवभक्तों से महा. शिवरात्रि के पावन अवसर पर भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने तथा सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है।

## एक नजर

### दो दिन बाद निकली धूप



**बिजनौर।** दो दिन के घने कोहरे के बाद गुरुवार सुबह मौसम में बदलाव आया। धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली। कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसमें बढ़ोतरी देखी गई। बिजनौर जिले में पिछले कई दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। शनिवार से रविवार सुबह तक आसमान में बादल छाए रहे और बारिश हुई थी, जिससे ठंड बढ़ गई थी। सोमवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा, हालांकि दोपहर में धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली। सोमवार देर रात एक बार फिर कोहरा छा गया, जो मंगलवार और बुधवार सुबह और घना हो गया। इस घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई थी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और सर्दी का प्रकोप बढ़ गया। बुधवार दोपहर में भी हल्की धूप निकली थी, जिससे कुछ राहत मिली। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप निकलने लगी, जिससे सर्दी का असर कम हुआ। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे की सड़कों पर अभी भी हल्का कोहरा देखा गया।

### गौशाला में गायों को हरी सब्जियां खिलाईं



**नजीबाबाद।** नगर में श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने स्थानीय गौशाला में गायों की देखभाल और सेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने गायों को हरी सब्जियां खिलाईं और उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। यह सेवा कार्य नगरवासियों के सहयोग से संभव हुआ। स्थानीय लोगों ने गौशाला के लिए हरी सब्जियों का प्रबंध किया और सेवा कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि नगरवासियों में गौ माता के प्रति सम्मान और सेवा भाव आज भी जीवित है। श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य न केवल गायों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज में सेवा और करुणा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। समूह ने नगरवासियों से अपील की कि वे महीने में कम से कम एक या दो दिन गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा करें और जहां संभव हो आर्थिक सहयोग भी प्रदान करें। नगर के सम्मानित लोगों ने इस अवसर पर गौशाला के लिए आर्थिक योगदान भी किया। इससे न केवल गायों की दैनिक देखभाल में मदद मिलेगी, बल्कि भविष्य में गौशाला की सुविधाओं और संसाधनों के विस्तार में भी सहायता होगी। श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करेंगे और नगरवासियों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्रदान करेंगे। उनका कहना है कि सेवा और सहयोग से ही समाज और प्राकृतिक जीवन के बीच संतुलन और सामंजस्य बना रहता है।

### महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

**नजीबाबाद**। प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान तथा नारी सम्मान तथा नारी स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षक नेता मोबीन हसन की उपस्थिति में सब इंस्पेक्टर सुभाष राणा तथा सब इंस्पेक्टर प्रीति रानी ने विद्यालय के बालक/बालिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग एवं संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही सायबर क्राइम तथा उससे बचाव तथा पुलिस के सहयोग, अपातकालीन पुलिस सेवा, अग्निशमन, वीमेन हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन, गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापिका शहनाज, शाहजहां, प्रतिज्ञा, नजमा, कुमुद, राधा, शीरीन, मदीहा, विनीत आदि उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

**धामपुर**। थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक के अनुसार वह गांव की दुकान से सामान लेने गया था, तभी गांव के ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। हमले के दौरान मौके पर पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर युवक की जान बचाई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप निरीक्षक को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# खुर्शीद मंसूरी को टिकट देने की मांग



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक भागूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल अंसारी के आवास पर आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती आसिफ ने की, जबकि मौलाना खालिद ने निजामत की जिम्मेदारी संभाली। इसमें क्षेत्र के कई जिम्मेदार लोगों ने शिरकत की। श्यामिवाला के पूर्व प्रधान शमशीद अहमद, सराय आलम के प्रधान शहजाद अहमद, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, पूर्व प्रधान साबू, मोहनपुर के पूर्व प्रधान इसरार अहमद, मन्नू मंसूरी, शमीम मंसूरी, आफताब, शमीम अंसारी, अब्दुल समी, इमरान, जीशान अहमद और फैजान अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की सराहना की। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद देश के उन गिने-चुने नेताओं में से हैं जो बिना डरे और बिना झुके संविधान, सामाजिक न्याय तथा दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से कहा कि यदि 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी साहनपुर से चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को टिकट देती है, तो क्षेत्र की जनता एकजुट होकर उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा भेजेगी। वक्ताओं का मानना था कि खुर्शीद मंसूरी ही ईमानदारी से क्षेत्र का विकास करा सकते हैं। बैठक में वर्तमान विधायक पर भी तीखा हमला बोला गया। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में वर्तमान विधायक ने जनता को केवल छलने का काम किया है और क्षेत्र में विकास पूरी तरह ठप रहा है। बैठक के अंत में क्षेत्र में बदलाव लाने और एक मजबूत नेतृत्व स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

# वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

## आरजेपी कालेज में होगा आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिविल जज (सी. डि.) प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंशुमन्न धुन्ना की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के साथ आज मेगा /वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की सफलता के दृष्टिगत सिविल कोर्ट परिसर स्थित एडीआर भवन स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में 22 फरवरी को जिला बिजनौर में मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इण्टर कालेज, बिजनौर में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उक्त मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सन्दर्भ में आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से उ.प्र. शासन के अन्तर्गत संचालित समस्त विभागों द्वारा आम जनमानस के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की जन-कल्याणकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार पैम्पलेट, पोस्टर, बैनर इत्यादि प्रचार समाग्री के माध्यम से किए जाने एवं अपने-अपने विभाग से अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थियों को चिन्हित किये जाने के अपेक्षा की गयी।

सिविल जज (सी.डि.) प्रभारी सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर अंशुमन्न धुन्ना द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, (नालसा) नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में दो जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, आपराधिक मामले आदि का निस्तारण करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, परियोजना निदेशक डीआरडीए, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महासम्मेलन सफल बनाने का निर्णय

## आईटीआई कर्मचारी संघ के सभी कर्मचारी करेगें प्रतिभाग: दीपक गुप्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा के तत्वावधान में होने वाले 15 फरवरी को पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आईटीआई कर्मचारी संघ की संघ भवन में राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला मंत्री आशीष सक्सेना के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने सभी कर्मचारियों से महासम्मेलन में प्रतिभाग करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन का संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। 15 फरवरी को मिलकर ऐतिहासिक बनाना है। सभी शिक्षक एवं कर्मचारी महासम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर करतार सिंह, कुलदीप जखमोला, अमित शर्मा, मनोज कुमार, प्रकाश सिंह, संजीव कुमार चौधरी, अबरार, ज्योत्सना त्यागी, कपिल अग्रवाल, प्रेम सिंह, सतवीर सिंह, शशिकांत, अशोक कुमार, ओमकार आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की तैयारियां पूर्ण

## भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों शिव भक्तों की निर्बाध आवाजाही और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने रूट डायवर्जन सहित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर चांदपुर-नहटौर मार्ग से अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, स्याना, गजरौला सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेकर गुजरते हैं। संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। चांदपुर से पैजनियां होते हुए नहटौर की ओर जाने वाले भारी वाहन अम्हेड़ा मार्ग से सीसीएस चौकी बालकिशनपुर चौराहा होते हुए नहटौर जाएंगे। इसी प्रकार नहटौर से पैजनियां एवं चांदपुर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा बिजनौर से नूरपुर एवं मुरादाबाद की ओर जाने वाले वाहन बालकिशनपुर सीसीएस चौकी-नहटौर मार्ग से होकर संचालित होंगे। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित रूट का पालन करने तथा शिव भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है।

प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# महंगाई और बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस पार्टी के नेता एहसान जमील ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से रखते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासनकाल में कभी भी किसी जाति धर्म या वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया और सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति की है।

एहसान जमील ने कहा कि देश की तरक्की, खुशहाली, एकता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा समावेशी राजनीति की है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसी न किसी रूप में कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को अपनाकर राजनीति की, लेकिन वर्तमान समय में राजनीतिक माहौल पूरी तरह बदलता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश बेरोजगारी, महंगाई और अन्य गंभीर समस्याओं से गुजर रहा है। आम नागरिकों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना कठिन होता जा रहा है, जबकि युवा वर्ग रोजगार के अभाव में हताश और निराश दिखाई दे रहा है। ऐसी परिस्थितियां पहले कभी देखने को नहीं मिलीं। कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान सरकार आम जनता की मूल समस्याओं से ध्यान भटका रही है, जबकि जमीनी स्तर पर लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसा विकल्प है, जो देश को फिर से विकास और सामाजिक समरसता की राह पर ले जा सकती है। एहसान जमील ने देश और प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत किया जाए, ताकि देश की एकता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर मौजूद नगर निवासियों ने भी कहा कि बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी समस्याओं ने आम आदमी को परेशान कर रखा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले चुनावों में जनता सोच-समझकर ऐसा निर्णय लेगी जो देश और समाज के हित में हो।

# प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और जाली मुहर से जालसाजी का भंडाफोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शासन और प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और जाली मुहर के जरिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

ग्राम पंचायत हीमपुर बुजुर्ग के ग्राम प्रधान अली वारिस की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के विरुद्ध जालसाजी और धमकी देने के आरोप में प्रभावी कानूनी कार्रवाई की है। प्रधान अली वारिस के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव बिपिन कुमार ने एक आवेदन पत्र पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर और मुहर की पुष्टि करनी चाही। उन्होंने उक्त दस्तावेज पर कोई हस्ताक्षर नहीं किए थे। जांच में सामने आया कि गांव के ही जिशान पुत्र अहसान ने कथित रूप से प्रधान की फर्जी मुहर तैयार करवाई और उनके जाली हस्ताक्षर कर अपनी पुत्री का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का प्रयास किया। पुलिस को सौंपी गई शिकायत में बताया गया है कि इस पूरे षड्यंत्र में जिशान का साथ गांव का ही मुर्तजा पुत्र बाबू खान दे रहा था। आरोप है कि मुर्तजा ही उन फर्जी दस्तावेजों को लेकर पंचायत सचिव के पास पहुंचा था, जिसकी संदिग्ध गतिविधियां कार्यालय में लगे कैमरे में भी दर्ज हुई हैं। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि जब प्रधान अली वारिस ने इस धोखाधड़ी का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। ग्राम प्रधान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना चांदपुर पुलिस ने आरोपी जिशान और मुर्तजा के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक षड्यंत्र और धमकी देने के संगीन आरोपों में मुक. दमा पंजीकृत कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेरणा एप से प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण

## बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए किया प्रेरित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खण्ड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत उमरपुर आशा, हादकपुर, जमालपुर उदयचंद में स्थित प्राथमिक विद्यालयों का एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने प्रेरणा 5 एप के माध्यम से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय उमरपुर आशा में 52 बच्चे पंजीकृत पाए गए, जिसमें मौके पर 40 बालक-बालिकाएं उपस्थित मिले। ग्राम पंचायत हादकपुर में 53 बच्चे पंजीकृत मिले तथा 35 बालक बालिकाएं उपस्थित मिली। उधर ग्राम पंचायत जमालपुर उदय चंद के प्राथमिक विद्यालय में 107 बच्चे पंजीकृत पाए गए तथा 52 बालक बालिकाएं उपस्थित मिले। ग्राम पंचायत जमालपुर उदयचंद के प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

प्राथमिक विद्यालय उमरपुर आशा को 2025 -26 में 25 हजार तथा हादपुर प्राथमिक विद्यालय को 21 हजार एवं प्राथमिक विद्यालय जमालपुर उदय चंद को 50 हजार कंपोजिट ग्रांट प्राप्त हुई, जिसको खर्च कल लिया गया है। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने अध्यापकों को बच्चों की उपस्थितियों को बढ़ाने के प्रेरित किया। उन्होंने अध्यापकों से

उन्होंने कहा कि वह बच्चों के माता-पिता से उन के घर जाकर मिले और स्कूल आने के लिए उन्हें प्रेरित करें और बच्चों को खेलकूद एवं संस्कृति कार्यक्रमों के लिए जागरूक और उनका सहयोग करें।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीशचंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे कॉलेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से होंगी। सीसीटीवी और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में कॉपियों की पैकिंग होगी। शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलों के डीआईओएस को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**बोर्ड परीक्षा के नियमों के निर्देश जारी**

सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों और वॉयस रिकार्डर की नियमित जांच करेंगे। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों का विशेष निरीक्षण किया जाएगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट रोजाना परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे।अपनी उपस्थिति में डबल लॉक खुलवाकर निर्धारित प्रश्नपत्र निकलवाएंगे और दोबारा लाक को सील कराएंगे। परीक्षा केंद्र पर आवंटित परीक्षार्थियों के सापेक्ष सभी व्यवस्थाओं और सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा भी करेंगे। केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा केंद्र पर कॉपियों व प्रश्नपत्र पहुंचने से तीन दिन पूर्व स्ट्रांग रूम की स्थापना करेंगे, जहां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रहेंगे। सभी कक्ष निरीक्षकों को अपने-अपने केंद्र व्यवस्थापकों को नियमित रूप से रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को जूते-मोजे उतरवाकर परीक्षा नहीं कराई जाएगी। छात्राओं की तलाशी केवल महिला शिक्षिकाएं ही करेंगी। सीटिंग प्लान का कड़ाई से पालन होगा, 50 फीसदी बाह्य कक्ष निरीक्षकों की डयूटी लगाई जाएगी।परीक्षा केंद्र परिसर में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका क्रमांक लिखना अनिवार्य होगा।कॉलेज प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने बताया कि सभी दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा।





सम्भल। जनपद न्यायालयों के लिए अधिग्रहीत भूमि का निरीक्षण करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति व सम्भल में प्रशासनिक न्यायमूर्ति को मांग पत्र देते अधिवक्ता।

# जिले में कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यामूर्ति व जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जनपद में बाह्य न्यायालयों का निरीक्षण किया जबकि जनपद न्यायालय के लिए अधिग्रहीत तथा प्रतितोष आयोग के लिए नवीन भूमि का निरीक्षण किया।

गुरूवार को जिले के प्रशासनिक जज अरुण कुमार सिंह देशवाल का ने जनपद न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह संग बाह्य न्यायालय सम्भल का निरीक्षण किया। इसके साथ प्रशासनिक न्यायामूर्ति ने कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेन्टर का उत्तर प्रदेश में पहली बार उद्घाटन किया। जिसके संचालित होने और प्रशासनिक न्यायमूर्ति के इस सराहनीय प्रयासों

**प्रशासनिक जज ने प्रदेश के पहली बार जिले में किया उद्घाटन न्यायिक व्यवस्था ओर अधिक प्रभावी होने के साथ द्रुत गति**

से न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व द्रुत गति प्रदान करने में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। तत्पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने सम्भल में प्री-फैवरिकेटिड बाह्य न्यायलय व ऑफिस का उद्घाटन किया। जबकि बहजोई में अधिगृहित नवीन भूमि जिसमें जनपद न्यायालय का नवीन मुख्यालय बनना प्रस्तावित है का निरीक्षण कर तीव्र गति से निर्माण करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का निरीक्षण कर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सम्भल के लिये नवीन भूमि का भी निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिये। प्रशासनिक न्यायमूर्ति का इस निरीक्षण न्यायिक कार्य प्रणाली की नवीन अधोसंरचना में तीव्र गति व लम्बित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के लिये आवश्यक कदम साबित होगा।

# गंगा जमुनी तहजीब होली व ईद मिलन समारोह परम्परा चेयरपर्सन ने की खत्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर पालिका की पूर्व चेयरपर्सन तरन्नुम अकील ने अपने नगर पालिका परिषद के कार्यकाल और वर्तमान हालात तथा राजनीति पर खुलकर बात की। उन्होंने साफ कहा कि उनके कार्यकाल में होली मिलन और ईद मिलन जैसे कार्यक्रम इसलिए शुरू किए गए थे जिससे कि हिंदू-मुस्लिम एकता मजबूत हो और गंगा-जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिले, लेकिन उनके बाद यह परंपरा खत्म कर दी गई। उन्होने कहा कि आज के दौर में ऐसे कार्यक्रमों की पहले से कहीं अधिक जरूरत है। क्योंकि जब हम साथ बैठते हैं, एक-दूसरे से मिलते हैं, तो मोहब्बत बढ़ती है। मगर अफसोस कि यह सिलसिला आगे नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने इस परंपरा के खत्म होने को चैयरमेन

**तरन्नुम ने दिए चुनाव लड़ने के संकेत**

को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि अगर चेयरपर्सन चाहें तो ऐसे काम आसानी से हो सकते हैं। अपने कार्यकाल के विकास कार्यों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज भी गलियों में उनके नाम के बोर्ड और 20 साल पहले बनी सड़कें मौजूद हैं।लेकिन यह काम करने की प्रेरणा उन्हें जनता के मिले प्यार से मिली और शायद यही वजह रही कि उनके दौर में विकास दिखा। नगर पालिका परिषद का फिर से चुनाव लड़ने के सवाल पर पूर्व चेयरपर्सन ने स्पष्ट कहा, अगर लोग कहेंगे तो मैं जरूर चुनाव लड़ूंगी। अवाम का हुक्म मेरे लिए सब कुछ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उन्हें वोटों के साथ दुआएँ मिलीं, बुजुर्गों और माओं की दुआओं को वह अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी मानती हैं। चेयरमैन चुनाव की तैयारियों पर उन्होंने कोई तैयारी नहीं होने की जानकारी दी लेकिन तैयारी भी जनता पर ज़रूर छोड़ी। कहा कि जब आप लोग कहेंगे, इंशाल्लाह अल्लाह ताला जिताएगा भी।

# हवा-हवाई रहा नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान

**ईओ और जेई बिना टीम जेसीबी लेकर पहुंची**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जहां शासन-प्रशासन अतिक्रमण पर सख्त है वहीं नगर पालिका प्रशासन अभियान को पलीता लगाने में पीछे नहीं हैं। इसका जीता जागता नमूना उप नगरी में सामने आया जब बिना ई ओ और अधिकारियों के अतिक्रमण हटाने पहुंचे कर्मचारी हवा-हवाई अभियान चलाकर लौट आए।

नगर पालिका परिषद कुछ समय से सुर्खियो में है। कभी सभासदों के गम्भीर आरोप तो कभी अन्य चर्चित कार्यों के लिए आलोचनाओं से पीछे नहीं हैं। गुरूवार को नगर पालिका परिषद का ऐंसा नमूना सामने आया कि जिसे देखकर लोग न केवल हतप्रब्ध रह गए बल्कि अतिक्रमण के लिए शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों को भी धक्का लगा। उप नगरी सराय तरीन में सांय करीब चार बजे कुछ कर्मचारी जे सी बी और सफाई कर्मचारियों के साथ पहुंच गए। रिक्शा स्टैंड से मुख्य बाज़ार को जाने वाले रास्ते पर कर्मचारियों कि इशारे पर जे सी बी ने दुकानों के ऊपर लगे टिन शेड पर अपना पंजा रख दिया



सम्भल- सराय तरीन में अतिक्रमण पर रखा पीला पंजा हटाने का नाटक करता।

लेकिन इससे पहले ही दुकानदारों ने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। नाले के ऊपर किए गए निर्माण को दुकानदारों ने स्वयं हटाना शुरू किया तो जे सी बी चालक ने भी अपना पंजा वापस ले लिया। इससे लगा कि संकुचित कर दिया गया मार्ग फिर से चौड़ा हो जायेगा और हर समय लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा साथ ही आने-जाने में भी कोई परेशानी नहीं हो सकेगी। लेकिन अतिक्रमण हटाओ यह अभियान जैसे फुस्स-फुस्स होकर रह गया। जे सी बी के साथ चल रहे विभागों के कर्मचारी न जाने क्यों सीधे चले और दूसरे रास्ते से होकर लौट आए। हैरत की बात तो यह रही कि अतिक्रमण हटाने पहुंची कर्मचारियों की टीम के साथ न तो अधिशासी अधिकारी ही दिखायी दिए न निर्माण विभाग के जे ई ही मौजूद थे। बस यहीं से यह सवाल भी खड़ा हो गया जब अधिकारी नहीं तो फिर कैसे अतिक्रमण हटाने पहुंचे। वहीं अफसरों बिना अभियान का हाल हवा-हवाई होना लाजिमी था।

# बबराला से चलती हैं राजनैतिक गतिविधियां

**बबराला( अनिरूद्ध शर्मा )।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र का दिल कहा जाना वाला नगर बबराला है। यहीं से क्षेत्र की राजनीति गतिविधियां चलती है। आवागमन, चिकित्सा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साधन भी प्रचुरता में उपलब्धा हैं। कृषकों के उत्पाद की बिक्री को मंडी समिति,बड़ी लाइन का रेलवे स्टेशन, इंद्राचोक तथा भागीरथी का तट राजघाट नगर की खास शान है।

बबराला महायोजना में सन 16 सौ में इस नगर से होकर बड़ी रेलवे लाइन अंग्रेजों द्वारा निकाले जाने का जिक्र है। उस समय बबराला में कुछ झोपड़ियां होने की बात बुजुर्ग बताते हैं। किंवदंती है कि मुगल शासक बाबरआला कभी यहां आया था। इसलिए इस नगर का नाम बबराला पड़ा। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में नोकरी पेशा लोगों की बबराला

**विकसित रूप ले रहा है, गुन्नौर तहसील का दिल बबराला**

**सन 16 सौं में थीं कुछ झोंपड़ियां**

रिहायश के नजरिये से वर्तमान समय मे पहली पसंद मानी जाती है। नगर के विकास एंव साफ सफाई व्यवस्था का जिम्मा स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन पर है। रसोई को ईंधन के लिए एलपीजी तथा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, बाइक व कृषि को ट्रैक्टर के शोरूम नगर में मौजूद हैं। नगर में यारा फर्टिलाइजर खाद कारखाना भी है। सन 16सौ में कुछ झोपड़ी वाला बबराला अब विकसित रूप ले चुका है। गुन्नौर तहसील क्षेत्र की सभी राजनीतिक गतिविधियां भी यहीं से गतिमान होती हैं।यहां जमीन,प्लॉट, मकान के दाम शहरों की कीमत को मात दे रहे हैं।

# अन्तिम संस्कार पर बड़ी संख्या में पुलिस रही मौजूद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस के साथ धर पकड़ को गई युवती के परिजनों की धक्का-मुक्की व मारपीट से हुई मौत और शव पीएम के बाद गांव पहुंचा। रोष बढ़ने अथवा किसी तरह के विवाद की आशंका से बड़ी संख्या में पुलिस बल की मॉजूदगी में शव का अन्तिम संस्कार किया गया।

हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर निवासी वाल्मीकि युवक अपनी ही रिश्तेदारी से युवती को भगाकर ले गया था।युवती के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। जबकि पुलिस के बढ़ते दबाव और धर पकड़ से बचने को युवक का पिता दूसरे स्थान पर जाकर छिप गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश में पिता के रहने वाले स्थान पर दबिश दी थी। इस दौरान पिता के साथ धक्का-मुक्की मारपीट से मौत होने का आरोप लगा था। गुरूवार को शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। पुलिस की मौजूदगी के बीच अन्तिम संस्कार किया गया।

# मुक्त कराई गई सम्पत्तियों के मलबे की बंदरबांट की हो जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अमित कुमार उत्कल ने कहा कि जनपद वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस एवं



प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीमें गठित करके सरकारी सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा करके बनाइ गई इमारतों को ध्वस्त करके कब्जा मुक्त कराकर सराहनीय कार्य किया गया लेकिन अवैध निर्माण मैं निकले मलबे अर्थात ईंटों, खिड़की दरवाजों, गाटर, सरिया आदि की नियमानुसार नीलामी कराकर उक्त नीलामी से

**वरिष्ठ अधिवक्ता ने की अधिकारियों से मांग**

प्राप्त धन को सरकारी खजाने मैं जमा कराया जाना चाहिए था। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि संज्ञान मैं आया है कि ध्वस्त किए गए सभी अवैध निर्माण से निकले मलबे अर्थात ईंटों, खिड़की दरवाजों, गाटर एवं सरिये को पुलिस एवं प्रशासन के कुछ कर्मचारी लूट कर ले गए और अपने निजी प्रयोग मैं ले आए यह जांच का विषय है। वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की गई कि इस विषय की जांच हेतु उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर जांच कराई जाए तथा जांच मैं दोषी पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध सरकारी सम्पत्ति को लूट कर ले जाने के दोष मैं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही की जाए ताकि जनता मैं सरकार की निष्पक्ष नीति पर सवालिया निशान ना लगे और जनता का सरकार पर भरोसा बना रहे।

# मतदाताओं के नाम गलत हटाए सांसद ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** एसआईआर में गड़बढ़ियों के देश भर में आरोप लगने के साथ अब बदायूँ सांसद आदित्य यादव ने भी जिला निर्वाचन अधिकारी से विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत फार्म-7 के दुरुपयोग द्वारा मतदाताओं के नाम अवैध रूप से हटाने के प्रयास की शिकायत एवं जांच कर विधिक कार्यवाही कराए जाने को लेकर पत्र दिया।

पत्र में संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से यह अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक शिकायतें मिलने और विपक्षी कुछ पदाधिकारियों द्वारा फार्म-7 का दुरुपयोग करते हुए हजारों मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से हटाने हेतु आपत्तियाँ दर्ज कराई जा रही हैं, जबकि संबंधित फार्म-7 न तो स्वयं मतदाता द्वारा भरे गए हैं और न ही उनके किसी परिजन द्वारा। विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के

**फार्म सात का दुरूपयोग करने के आरोप, जिला निर्वाचन अधिकारी से जांच व कार्रवाई की मांग**

अंतर्गत प्रकाशित एकीकृत आलेख्य मूल निर्वाचक नामावली में संबंधित मतदाताओं के नाम विधिवत अंकित हैं। इसके बावजूद बिना मतदाता की जानकारी, सहमति अथवा विधिक आधार के फार्म-7 प्रस्तुत कराना निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। यह भी अत्यंत गंभीर आरोप है कि यह कार्रवाई एक जाति विशेष को लक्षित कर उनके मताधिकार को प्रभावित करने एवं योजनाबद्ध रूप से उनके वोट काटने के उद्देश्य से की जा रही है, जो कि भारतीय संविधान, निर्वाचन कानूनों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के सर्वथा विपरीत है। शिकायत में कहा गया कि इस प्रकार का कृत्य मतदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान करने एवं उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है। उक्त कृत्य जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950, भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद-326 की भावना के प्रतिकूल है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को प्रभावित करता है। फार्म-7 के माध्यम से दर्ज सभी संदिग्ध आपत्तियों की त्वरित, निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाए। बिना व्यद्गिगत सत्यापन एवं विधिक प्रक्रिया के किसी भी मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली से न हटाया जाए। दुरुपयोग की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक एवं दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की।

# नायब तहसीलदार ने पकड़ी अवैध खनन भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** लम्बे समय से अवैध रूप से हो रहे खनन पर नायब तहसीलदार ने शिकंजा कसा। अवैध रूप से किए गए खनन भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। दोनों को चौकी पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

गुरुवार को सम्भल चन्दौसी मार्ग स्थित ग्राम बिछोली में अवैध खनन के दो ट्रैक्टर ट्रालियों को नयाब तहसीलदार द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़े गए वाहन चालकों से जब खनन से सम्बंधित कागजात मागे गए तो वह कागज नही दिखा सके। नायाब तहसीलदार ने दोनों ट्रैक्टर ट्राली को सम्भल कोतवाली क्षेत्र की चौकी नूरियो सराय में लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली काफी समय कासिम नामक युवक की देख रेख में चल रहे थे। जोकि आस पास के क्षेत्र में भराव का काम लेकर इनको अपनी निगरानी में चलवा रहा था। पकड़े गए



सम्भल- नायब तहसीलदार द्वारा पकड़ी की ट्रैक्टर-ट्राली।

अवैध खनन के वाहन रात के समय में ग्राम आलमपुर के जंगलों से अवैध खनन कर सुबह 6 बजे तक शहर व आस पास के प्लॉटों में डाल दिया करते थे। सुबह मुखबिर की सूचना पर नायाब तहसीलदार ने ग्राम बिछोली सम्भल चन्दौसी मार्ग स्थित सड़क के किनारे इन वाहनों को प्लाट पर मिटटी डालते पकड़ लिया। जानकारी करने के दौरान सही जवाब नही मिलने पर दोनों वाहनों को नूरियो सराय चौकी पर खड़ा करा दिया गया। नयाब तहसीलदार ने बताया कि पकड़े गए वाहनों को जानकारी खनन अधिकारी को दे दी गई है आगमी कार्यवाही खनन अधिकारी द्वारा की जाएगी।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

# सपा के लिए यह साल बहुत अहम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की बैठक में कायकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारियों को अभी से जुट जाने का आहवान किया।

मौहल्ला कोट बाजार में आयोजित बैठक में जिला सचिव सईद इसराइली ने कहा कि यह वर्ष सपाइयों के लिए बहुत अहम है,क्योंकि इसी वर्ष में जिला व ग्राम पंचायतों के अलावा ब्लॉक प्रमुख और शिक्षक विधायक (एमएलसी) का चुनाव होना है। इन सभी चुनावों की जीत को कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी है। उन्होने सभी से चुनाव की तैयारियों को लेकर अभी से ुजट जोन का आहवान किया। साथ ही कहा कि सपा ही किसान, मजदूरों और गरीबों को साथ लेकर चलती है। इस मौके पर नईम अंसारी, अरमान, इरशाद, मुंशी वाहिद, कासिफ, रईस, सलीम, रमीज रजा, नदीम, बिटटू वारसी, नबील आदि मौजूद रहे।

# इतना गुरूर ठीक नहीं अपनी ज़ात पर,खा जाती है दरख्त को दीमक कभी-कभी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी व आयशा विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में खलीलुर्रहमान की याद में आयोजित मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम पेश कर जमकर वाहवाही लूटी।

रॉयल पैलेस में आयोजित मुशायरे की शुरूआत पूर्व चेयरपर्सन उर्दू अकादमी तरन्नुम अकील ने शमां रोशन करके की। जबकि जहीर राही ने शुरूआत करते हुए कहा कि:-**ऐश ओ इशरत नहीं तो ज़र क्या है शर नहीं है तो फिर बशर क्या है। जेबाईशों के सामां हिंीं चैन घर में नहीं तो क्या है।।**

जमशेद माहिर हापुड़ी ने फरमाया :- **एड़ियां अपनी उठाओ या अकड़िये गर्दन। गैर मुमकिन है मेरे कद के बराबर होना।।**

इकरार अगवानपुरी बोले कि:- **खाकर गए हैं तर्के तआल्लुक की लो कसम ढाकर गए हैं। कैसी कयामत न पूछिए।।**

याकूब राज बोले कि:-जरा ये **कह दो के ऊँची हवेलियों मकीं। किसी की झोंपड़ी फूंके न रोशनी के लिए।।**

जर्रार अमरोही ने यूँ कहा कि :- **कोई सलीका मुझकासे नहीं था जीने का। गम आये तो कुझको जीना आया।।**

अशफाक जैदी रामपुरी ने कुछ यूँ फरमाया कि:-**अजनबीयत है आती बात भी हो जायेगी। जिन्दगी तुझसे मुलाकात भी हो जायेगी।।**



सम्भल-रॉयल पैलेस में खलीलुलर्रहमान की याद में मुशायरे को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खान

निसार मुरादाबाद बोले कि :-**कौन कहता है गरीबी है मुददा। अपना दिल दुखाके हमें दौलत न कमानी आई।।**

आदि रतनपुरी ने अपना इजहार कुछ इस तरह किया:- **इतना गुरूर ठीक नहीं अपनी जात। खा जाती है दरख्त हो भी ईीमक कभी-कभी।**

मुशायरे में इनके अलावा दूसरे क्षेत्रों से आए शायरों ने भी अपने कलाम पेश कर जमकर वाहवाही लूटी मुशायरे की संरक्षा कर रहे पूर्वमंत्री अकीलुर्रहमान खां ने कहा कि गगां जमनी तहजीब की जिंदा मिसाल है। मुशायरा। इसे हमेशा कायम रखना चाहिए। जिससे कि उर्दू, तहजीब व भाईचारा जिंदा रहे। मुख्य अतिथि राकेश परिष्ठ ने कहा कि आज मुशायरे को किसी एक दायरे में लाया नहीं जा सकतौ बल्कि यह सबकी और भाईचारे की ज़बान है। आपस में तालमेल की ज़बान है। मुशायरे में हाजी रिजवान कुरैशी, विशाल शरण, ऑचल एड., मजाला तबस्सुम, असलम हुसैन, एड. ने आयशा विकास समिति और उर्दू अकादमी का भरोसा जताते हुए इस तरह के आयोजन होते रहने पर ज़ोर देते हुए कहा कि जिससे कि उर्दू आपस में बोलचाल का ज़रिया बन जाये। इस मौके पर संस्था की ओर से शायरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जबकि मौ. सुमैर, आमिर बिन अकील, जैद बिन अकील, आशशा परवीन, राजकुमार शर्मा, दीपक शर्मा, मौ. आलम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षताजहीर अमहद राही ने व संचालन सय्यद मौ. हाशिम ने किया। नाते पाक डा. शाकिर हुसैन इस्लाही ने पढ़ी।

# सरपट दौड़ रहे डग्गामार वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गए हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध वाहन चल रहे हैं।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र वसीम व उसकी पत्नी दानिया मुझे व मेरे परिवार को दिक व परेशान करते रहते हैं। आये दिन गाली-गलौंच व घर में लड़ाई झगड़ा करते हैं। तथा वसीम व दानिया गलत संगत में पड़ गए हैं। इस कारण मैने और मेरे पूरे परिवार ने वसीम व दानिया से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह दोनों अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**लईक पुत्र रशीद**
नि. मौ. तश्तपुर तह. व जिला सम्भल।

# नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के दो आरोपियों को कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे वायरल करने के सनसनीखेज मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 30 जनवरी की बताई जा रही है, जबकि पीड़िता के परि. जनों ने 3 फरवरी को थाना कटघर में इसकी सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की।थाना कटघर क्षेत्र के गागन का तिराहा पंडित नगला मलिक निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी 17 वर्षीय पोती को दो युवक



बहला-फुसलाकर खेत में ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि इस अमानवीय कृत्य के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बना लिया और बाद में उसे वायरल कर दिया, जिससे पीड़िता और उसके परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुंचा।पुलिस के अनुसार पीड़िता अनुसूचित जाति से संबंधित है, जिस कारण मामले में दुष्कर्म की धाराओं के साथ-साथ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम एवं आईटी एक्ट की सुसंगत धाराएं भी लगाई गई हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया।गुरुवार को थाना कटघर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शनि पुत्र जितेंद्र निवासी मिलक गांगन थाना कटघर तथा मोहम्मद शमी उर्फ समीर पुत्र सालिम निवासी धीमरी करूला थाना कटघर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिनमें आपत्तिजनक वीडियो होने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद मोबाइल फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि वीडियो से जुड़े सभी तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए जा सकें और यह भी पता लगाया जा सके कि वीडियो किन-किन माध्यमों से वायरल किया गया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उसके बयान दर्ज किए जा रहे हैं।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नाबालिग से जुड़े इस जघन्य अपराध में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और विवेचना पूरी कर जल्द ही आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया जाएगा।

## मरम्मत कार्य के चलते मालगोदाम रोड का 35बी रेलवे फाटक दिनभर रहा बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मालगोदाम रोड स्थित 35बी रेलवे फाटक पर चल रहे मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के कारण गुरुवार को भी फाटक पूरे दिन बंद रखा गया, जिससे इलाके में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही। फाटक बंद होने के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को मजबूरी में लंबा चक्कर लगाकर वैकल्पिक रास्तों से आवागमन करना पड़ा। रेलवे विभाग द्वारा फाटक की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा को लेकर आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके चलते मालगोदाम रोड सहित आसपास की कॉलोनियों और बाजार क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### अस्पताल सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग टीम, खड़े होकर देख रहे युवक के साथ झोलाछाप ने की मारपीट



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के गांव बीरपुर वरियार उर्फ खरक में सीएमो के द्वारा गठित की गई टीम भूरे क्लीनिक को सील करने पहुंची थी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल सील करते हुए एक युवक खड़े होकर देख रहा था, स्वास्थ्य विभाग के जाने के बाद उसके साथ कुछ युवकों ने मारपीट शुरू कर दी, आलमगीर निवासी बीरपुर वरियार उर्फ खरक ने बताया कि शाम चार बजे के समय लगभग स्वास्थ्य विभाग की टीम अवैध क्लिनिक को सील कर रही थी, मेरे बेटे नासिर ने कहा कि यूपी में बाबा योगी आदित्यनाथ की सरकार है बिना रजिस्ट्रेशन वाले अस्पताल तो सील होंगे ही, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के जाने के बाद गांव के ही दूसरे क्लिनिक संचालक रजाउल पुत्र गामा ने मेरे बेटे के साथ गाली गलौज शुरू कर दी, विरोध किया तो इसी बीच में इनाम,निजाम, अफसर पुत्र साहबजादे,समीर,रजाउल पुत्र गामा ने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी बेटे को बचाने आई मेरी पत्नी अकबरी को भी मारपीट कर घायल कर दिया, किसी तरह मोहल्ले वासियों ने किसी तरह बचाया और उन्हें घायल अवस्था में मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार चल रहा है, मारपीट करने वालों के खिलाफ मैंने थाने में तहरीर दी है।

### ट्रक चालक को कार सवार चार लोगों ने पीटा, लगाया आरोप



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के हाईवे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर याकूतपुर छपर्रा के पास बुधवार रात लगभग साढ़े सात बजे मारूति सवार चार लोगों ने मारपीट की ट्रक चालक का आरोप है कि भाड़े के 25हजार रूपये छीन कर ले गए। बरेली के शीशगढ थाना क्षेत्र जफरपुर निवासी बबलू ने बताया कि वह 14 टायरा ट्रक में अपने बेटे सनी के साथ सोनीपत से मशीन भरकर शाहजहांपुर जा रहा था, बुधवार शाम उसके पीछे पुराने टोल से पीछा कर रहे कार सवार चार लोगों ने दलपतपुर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास ट्रक रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। उसका आरोप है कि भाड़े के मिले 25हजार रूपये छीन कर ले गए।चालक बबलू ने बताया कि पुलिस ने उसे घायल अवस्था में सीएचसी मूंढापांडे में भर्ती कराया, चालक के सिर और बाईं टांग में मारपीट के दौरान चोट लगने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### एसआईआर के दावे आपत्ति को लेकर तहसील में भीड़ बरकरार



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एस आई आर के दावे आपत्ति को लेकर तहसील में भीड़ बरकरार है लोग लाइनों में घंटो खड़े रहकर अपना काम करा रहे हैं मगर इसमें लोगों को परेशानी भी काफी उठानी पड़ रही है। बतादे की एस आई आर में मैपिंग ना होने वाले लोगों को नोटिस भेजे गए थे जिन्हें अलग-अलग तारीख में बुलाया जा रहा है।

निश्चित तारीख पर लोग अपने दावे आपत्ति लेकर तहसील में पहुंच रहे हैं और कड़ी मस्कत के बाद कड़ी परीक्षा से गुजरते हुए वह इस प्रक्रिया को पूरा करने का काम कर रहे हैं। दावे सही पाए जाने पर उनके नाम जोड़े जाते हैं लेकिन दावे सही ना पाए जाने पर लोग मायूस होकर वापस लौट रहे हैं आज भी इस प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए तहसील में काफी भीड़ देखी गई महिला पुरुष सभी ने लाइनों में लगकर अपना काम कराया अदालतों के बाहर बड़ी संख्या में महिला पुरुष खड़े दिखाई दिए।

### लड़की को बहला फुसला कर भगाया तो मिली हवालात

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर चालान किया है। बताया गया



कि थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की को घर छोड़कर उसके माता-पिता खेत पर गए थे। शाम को वापस आए तो लड़की गायब थी। मोबाइल पर देखा तो वहां किसी नंबर की आखिरी काल थी जिसके बारे में पता किया तो फुरकान का नाम सामने आया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी और सिविल लाइन थाने के अगवानपुर निवासी फुरकान पुत्र मुजम्मिल को गिरफ्तार कर लिया बताया गया कि आरोपी बहला फुसला कर शादी करने के इरादे से लड़की को भगाकर ले गया था जिसकी 4 फरवरी को थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आज उसका चालान किया है।

### टीनएजर्स बच्चों में बढ़ते मोबाइल उपयोग व ऑनलाइन गेमिंग एक बढ़ता अभिशाप: नेहा मेहरोत्रा

**मुरादाबाद।** यप परिवार के तत्वाधान में आज महिला सदस्य कांठ रोड स्थित होटल में इकट्ठा हुए, बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं उसके जानलेवा परिणाम पर गहन चिंतन किया। उसके रोक थाम के लिए सभी ने अपने



सुझाव दिए।अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने संपूर्ण वर्ष इसकी रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों के लिए वर्कशॉप आयोजित करने के लिए रूप रेखा तैयार करी। जनपद गाजियाबाद में हुई तीन नाबालिग बालिकाओं की सामूहिक आत्महत्या, जो कि कोरियन ऑनलाइन गेमिंग का शिकार थी, पर सभी महिला सदस्यों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करी एवं प्रण लिया समय समय पर विभिन्न मध्यम के कार्यक्रमों, योग साधना, मेडिटेशन से बच्चों को सचेत करेंगे।इस दौरान संजना, प्रियंका, शालू, चांदनी, श्वेता, पूजा, अमृता, शालू, नीता, प्रीति, सोनिया, ऋतु आदि मौजूद रही।

# यूजीसी कानून के विरोध में स्वर्ण समाज संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक आज स्वर्ण समाज बिश्नोई मंदिर कांठ में इकट्ठा हुआ और यूजीसी कानून का विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील पहुंच कर राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए इस काले कानून को खत्म कराने की मांग उठाई। स्वर्ण समाज का कहना था की उच्च शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होना चाहिए ना की अगडा पिछडा के आधार पर किसी सामान्य वर्ग के अधिकारों का हनन कर अन्य वर्ग के लिए भूमि तैयार करें कोई भी कानून एक पक्षीय नहीं होना चाहिए इससे उसके परिणाम सामाजिक विभाजन के रूप में सामने आते हैं।



उन्होंने कहा कि इस कानून से एससी एसटी ओबीसी छात्रों में आपसी रंजिस की भावना पैदा होगी कहा कि यह कानून छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के साथ भेदभाव है जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू यूजीसी बिल उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत छात्र छात्राओं को जातिगत आधार पर शैक्षिक वातावरण को खंडित करने वाला होगा इससे स्वर्ण समाज के छात्र-छात्राओं का भविष्य भी कलंकित और दागदार होने वाला है ज्ञापन के माध्यम से स्वर्ण समाज ने इस कानून को रद्द करने की मांग की ओर कहा कि जब तक इस कानून को रद्द नहीं किया जाता प्रदर्शन जारी रहेंगे।

इस मौके पर अनिल चौहान आदर्श बिश्नोई विशाल बिश्नोई पुष्पेंद्र चौहान जगराज सिंह सुनील कुमार दीपेंद्र चौहान संजीव कुमार प्रमोद कुमार देवेंद्र चौहान पियूष बिश्नोई लक्ष्य चौहान श्री ओम बिश्नोई खलीलपुर ओमवीर बिश्नोई लालापुर तनवीर आलम भावेश शर्मा पंकज कुमार अनुज बिश्नोई सचिन चौधरी दीपक मोि. हत बिश्नोई पारुल चौहान गुरु बचन सिंह सुनील कुमार बिश्नोई अनिल कुमार विश्नोई रोहितास कुमार मोनू बिश्नोई मनीष चौहान राजेंद्र कुमार नीरज बिश्रोई रनजीत सिंह बालक. रन सिंह राकेश कुमार डॉक्टर अशोक कुमार जितेंद्र कुमार सीताराम सतवीर सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# टीएमयू का यूपी संस्कृति विभाग के जैन विद्या शोध संस्थान के संग एमओयू साइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उप्र के पर्यटन एवम् संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह



और टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद और संस्कृति विभाग के जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ के बीच शिक्षण, शोध एवम् सांस्कृतिक क्षेत्र में एमओयू साइन हुआ है। इस एमओयू पर टीएमयू की ओर से ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी, जबकि जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से निदेशक श्री अमित कुमार अग्निहोत्री ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर जैन साहित्य के विद्वान डॉ. एके जैन भी मौजूद रहे। टीएमयू की ओर से सेंटर फॉर जैन स्टडीज संचालित होता है। इस सेंटर के तहत देशभर से इच्छुक युवा शोध करते हैं। एमओयू का मुख्य उद्देश्य जैन विधाओं का राष्ट्रीय संदर्भ में अध्ययन करना है। टीएमयू के शोधार्थी जैन तीर्थ स्थलों की सांस्कृतिक महत्व की परम्परा, आधारभूत मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, कला अवशेषों का संरक्षण एवम् विश्लेषण की स्टडी कर सकेंगे। इसके संग-संग वे भारत और विदेशों में प्रचलित जैन विद्या के तुलनात्मक अध्ययन, उद्देश्यों के अनुरूप परिचर्चा, संगोष्ठी, व्याख्यान, सम्मेलन में भागीदारी कर सकेंगे। टीएमयू में संचालित जैन पुस्तकालय एमओयू होने के बाद अब जैन धर्म से संदर्भित ग्रंथों, पाण्डुलिपियों, माइक्रोफिल्मों आदि से और समृद्ध हो जाएगा। अब टीएयमू और जैन विद्या शोध संस्थान छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम के संग-संग अंतर विषयी अध्ययन कर सकेंगे।

## जश्न-ए-दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित बारह विद्यार्थियों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के शाहबाद रोड स्थित गोल खंभे के पास दारुल उलूम गोस-ए-आजम की ओर से जश्न-ए-दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अल्लाह के पवित्र कलाम की तिलावत से हुई, जिसके बाद नबी-ए-अकरम की शान में नात पेश की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में बिहार से आए मौलाना गुलाम रसूल बलियावी ने मुस्लिम समाज को संबोधित करते हुए नसीहतपूर्ण बयान दिया। उन्होंने निकाह को सरल बनाने, शादियों में फिजूलखर्ची से बचने, खड़े होकर भोजन न करने और मृत्यु के बाद होने वाली पारंपरिक भोज व्यवस्था को समाप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि समाज की जिम्मेदारी है कि वह हर परिस्थिति में अपने बच्चों को शिक्षा दिलाए, क्योंकि कठिनाइयों के बाद ही आसानी आती है। इस अवसर पर दारुल उलूम गोस-ए-आजम के 12 विद्यार्थियों ने हाफिज- ए-कुरआन और कारी की उपाधि प्राप्त की, जिनकी उलेमा के हाथों दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संस्थान के स्टाफ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की सदारत मौलाना हसन रजा ने की, जबकि निजामत मौलाना नाजिम रजा खलीली ने संभाली। जलसे में कारी हबीबुर्रहमान, मौलाना मुख्तार हुसैन, मुफ्ती अमन नूरी, मुफ्ती हामिद अली नईमी, मुफ्ती नसीम अहमद, मुफ्ती फैजान अशरफ, मुफ्ती निजाम. ुद्दीन, मौलाना जहीर बरकाती, कारी फिरासत हुसैन, कारी शकील अहमद, सैयद जाकिर मियां, शमसुद्दीन अल्वी, सद्दाम सहसपुरी, हाफिज सुल्तान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कुष्ठ पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुवार को आरएसडी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर तथा आरएसडी अकैडमी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के संयुक्त तत्वाधान स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पखवाड़ा जो की 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 की अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने कुष्ठ रोग संबंधी विस्तृत जानकारी छात्र- छात्राओं को दी जिसके अंतर्गत उन्होंने कुष्ठ रोग के बारे में बताते हुए कहा कि शरीर पर त्वचा की रंग से हल्के या गाढे रंग के सुन दाग धब्बे दिखाई देना कुष्ठ रोग का प्रमुख लक्षण है। उन्होंने कुष्ठ रोग के निवारण में प्रयोग किए जाने वाली दवाइयां एम0 डी0टी0 इत्यादि के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हमारे देश में कुष्ठ रोग निवारण जागरूकता पखवाड़ा विगत कई वर्षों से आयोजित हो रहा है और हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम कुष्ठ रोग के बारे



में अपनी जानकारी बढ़ते हुए जनमानस को जागरूक करें ताकि यदि कोई भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से संक्रमित हो तो बिना किसी झिझक व डर के जिला चिकित्सालय में आकर निशुल्क उपचार प्राप्त कर लाभान्वित हो सके।

क्योंकि जानकारी ही बचाव है उन्होंने कहा लिए हम सब मिलकर जागरूकता फैलाएं और भ्रांति को दूर भगाएं हमारा उद्देश्य है कि कोई भी कुष्ठ रोगी पीछे ना छूट जाए और कुष्ठ रोगियों को भी हम सामाजिक रूप से स्वीकार करें और उनका उपचार करते हुए उन्हें हम इस बीमारी से निजात दिलाये।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसडी अकैडमी के अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार, अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार, वित्त निदेशक डॉ अजय शर्मा एवं डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉक्टर गरिमा शर्मा के द्वारा मुख्य वक्ता डॉ भास्कर अग्रवाल को पुष्प देकर किया गया कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नर्सिंग के छात्र-छात्राएं एवं प्राचार्य तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# केसीएम स्कूल में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित हुई कार्यशाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** के.सी. एम. स्कूल सिविल लाइंस मुरादाबाद में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें मुख्य वक्ता जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने इस रोग से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को दी और बताया कि इस रोग से पीड़ित व्यक्ति घृणा का पात्र नहीं होता ।यह रोग लाइलाज नहीं है हमें इसके बारे में जानना चाहिए इसके लक्षणों में जैसे हाथ और पैरों की त्वचा पर चले या घाव जन्मे की दर्द नहीं होता कान की को मोटा होना तथा दर्द रहित गांठे होना हाथ पैरों में सुन्नपन एवं झनझनाहट होना त्वचा पर लाल पीले धब्बे या चकत्ते दिखाई देना। इसके बारे में छात्र-छात्राओं को परिचय कराया गया और कहा गया कि एम0डी0टी0 दवा द्वारा द्वारा एक ही खुराक से 99.9% जीवाणु मर जाते हैं। एमटी खुराक खाने से कुष्ठ रोग पूर्णता सही हो जाता है। कार्यक्रम में कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रश्नों को पूछा गया जिनका उत्तर जिला कुष्ठ परामर्शदा डॉक्टर भास्कर अग्रवाल द्वारा दिया गया स्कूल प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और छात्र-छात्राओं को ऐसे कार्यक्रम में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया और सतर्कता ही किसी भी रोग के निदान की पहली सीढ़ी होती है ।अतः हमें रोग के प्रति सतर्कता एवं सावधानी बरतनी चाहिए।

कार्यक्रम में श्रीमती राम त्यागी श्रीमती सारिका मेहरा श्रीमती स्मिता यादव नीतू यादव आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा द्वारा वोट कटवाने के लिए बड़ी संख्या में लगाई गई आपत्ति की सूचना पर विधायक ने की एसडीएम से वार्ता



**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों के वोट कटवाने के लिए बड़ी संख्या में लगाई गई आपत्ति की शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर तहसील पहुंचे और एसडीएम संत दास पवार से शिकायत रखी। विधायक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भाजपा द्वारा कार्यकर्ताओं के माध्यम से कई लोगों के नाम पर आपत्ति लगाकर फॉर्म सात जमा कराए गए हैं। जबकि एक या दो लोगों के नाम पर एक व्यक्ति आपत्ति लगा सकता है इस समस्या को लेकर उन्होंने एसडीएम से वार्ता की और कहा कि सही मतदाताओं के नाम गलत तरीके से ना काटे जाएं उन्होंने कहा कि जिसका नाम गलत है उस पर एक व्यक्ति एक या दो जगह आपत्ति लगा सकता है लेकिन सुनने में आया है कि एक-एक व्यक्ति द्वारा 10-10 बीस या 50 लोगों के नाम के फॉर्म भरकर जमा कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अन्याय को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्पेल-3.0 के तहत छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध व मिशन शक्ति की दी जानकारी

**चन्दौसी।** स्पेल-3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली परिसर में साइबर अपराध से संबंधित आवेदन करने वाले बच्चों को जागरूक किया गया तथा उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक चन्दौसी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी ज्योत्सना शर्मा तथा धन सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद में एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत थाना चन्दौसी की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र में विभिन्न दुकानों एवं स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

वहीं थाना चन्दौसी परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं को स्पेल-3 के अंतर्गत पुलिस की कार्यशैली, साइबर अपराध से बचाव तथा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# 60 पेड़ो की नीलामी पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की मौजूदी में संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका परिसर में गुरूवार को ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्ट्सि सहित अन्य पेड़ो पर नीलामी नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी और पालिका अधिकाशासी अधिकारी रंजनी सिंह की अध्यक्षता मे खुली मीटिंग के दौरान की गई। नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी ने बताया कि गुरूवार को नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा निकाय की स्वामिथ्व वाली भूमि ग्राम फतेहउल्लागंज गाटा सं0 49 में स्थित 24 अदद यूकेलिप्ट्सि वृक्ष एवं फायर स्टेशन के समीप स्थित भूमि पर 20 यूकेलिप्ट्सि वृक्ष तथा ग्राम जमनावाला गाटा संख्या 445 व 446में स्थित एक -एक आम के पेड़ की नीलामी की गई। इन पेड़ो की वन विभाग द्वारा 1 लाख 38 रूपये अनुमा. नित लागत आंकी गई। नीलामी के दौरान 40 ठेकेदारों ने भाग लिया । इसमें कुल 60 यूकेलिप्ट्सि सहित अन्य पेड़ो की जीएसटी सहित नीलामी 2 लाख 70 हजार की छूटी। जिसमें 41186 रूपये की जीएसटी धनराशि है ।

# पुलिस की लाख कोशिश के बाद नगर में चोरों का आंतक, मोबाइल शॉप के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। एक के बाद एक चोरी की घटनाओं से आम जनता में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस इन वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रही है। ताजा मामला ठाकुरद्वारा नगर में कमाल. पुरी चौराहे पर स्थित मोबाइल शॉप का सामने आया है। जहां नगर स्थित कमालपुरी चौराहे पर बीती रात अज्ञात चोरों ने मोबाइल के थोक विक्रेता की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान के दोनों ताले तोड़कर शटर उठाया और बड़ी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने दुकान से करीब 2 लाख 21 हजार रुपये की नगदी के साथ-साथ लगभग 60 हजार रुपये कीमत के मोबाइल फोल्डर चोरी कर लिए। घटना के बाद इलाके में




हड़कंप मच गया और पुलिस महकमे में भी खलबली देखी गई। दुकान स्वामी महताब मलिक निवासी गांव नाखूनका ने बताया कि जब वह सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर ऊपर उठा हुआ था और दोनों तरफ के ताले टूटे पड़े थे। यह नजारा देखकर वह सन्न रह गए। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि पुलिस गश्त और निगरानी सही ढंग से करे, तो ऐसी चोरी की घटनाओं पर लगाम लग सकती है।बता दें कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवा. सियों में रोष है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में कब तक चोरों को पकड़ पाती है और बढ़ती वारदातों पर कैसे काबू पाती है। बता दें कि पूर्व मे भी अज्ञात चोरों ने सीओ ऑफिर से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पराग मिल्क पार्लर को निशाना बनाते हुए नगदी पर हाथ साफ कर लिया था तथा इससे अलग भी कोतवाली के निकट माया मार्किट की कई दुकानों की छतों से हजारों रूपए की कीमत का कॉपर का तार चुरा लिया था।

दोनों ही चोरियों के मामले मे कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं वहीं चोरी के ताजा मामले के बाद नगर के व्यापारी एक बार फिर से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## एक नजर

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'पाईथन वेब डेवलपर' पर कार्यशाला का आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आईसीटी एकेडमी चेन्नई, तमिलनाडु के सहयोग से ष्पाईथन वेब डेवलपरष विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल और आईसीटी एकेडमी के रिलेशनशिप मैनेजर श्री सत्येंद्र नारायण ने किया। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा समय में नई-नई तकनीक युवाओं को अपने कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए कई अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आज के तकनीक-प्रधान और प्रतिस्पर्धात्मक युग में 'पाईथन वेब डेवलपर' जैसे कौशल छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। आईसीटी अकेडमी के रिलेशनशिप मैनेजर श्री नारायण ने कहा कि पाईथन तकनीक से प्रशिक्षित विद्यार्थियों के लिए रोजगार प्राप्त करना आसान होगा। कार्यशाला के प्रशिक्षक श्री उत्पल कुमार ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, लाइव अभ्यास और उद्योग आधारित प्रोजेक्ट्स का अनुभव प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम के कुल 65 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# प्रभु का नाम जपने वाले के जीवन में होता है उजियारा: फुलसंदे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** स्टेशन रोड स्थित श्री राम मैरिज हॉल में सत्पुरुष बाबा फुलसंदे महाराज का सत्संग कार्यक्रम हुआ। जिसमें भारी तादात में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सत्संग में पहुंचकर धर्मलाभ कमाया। गुरुवार को ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे ने सत्संग की अमृत वर्षा करते हुए कहा यह मनुष्य का शरीर पाप और पुण्य का रथ है। जिस पर ज्योति स्वरूप यह आत्मा सवार है, जिस मनुष्य ने धर्म को अपना सारथी बनाया वो ही भवसागर से पार हुआ जन्म मरण से पार हुआ। शुभ कर्मो को पुण्य कर्मों को जिस व्यक्ति ने अपना हमसफर बनाया। वही परमात्मा के द्वार पर पहुंचे हैं जो सतगुरु की सीख को मानते हैं उनको कभी दुखों की प्राप्ति नहीं होती, जो मनुष्य निराकार परमात्मा के नाम को जपता रहता है। उसकी आत्मा का चांदना और प्रकाश बढ़ता चला जाता है। हे प्रभु जिसने तेरे नाम को सुमरा है हे प्रभु जिसने तेरे नाम को जपा है उसके दिल में उजियार हो गया है।

इंसानों की यह जिंदगी कटे फटे कागज की तरहा है, वस्त्र की तरहा है और इन फटे वस्त्रों को हे प्रभु तू सिलता रहता है। सांस सांस पर जो व्यक्ति हे आदि देव परमेश्वर तेरा सिमरन करता है, उसी को तू मिलता है उसे तू अपना मित्र बना लेता है। तेरी रोशनी हे परमेश्वर मेरे सीने के आर पार है पाप के रथ पर यह दुनिया बैठी हुई है पाप आचरण करती हुई अंध लोकों में चली जा रही है । जिन लोगों के हृदय में शरीर में विचारों में विष भरा है उनकी बुद्धि ठोकर खाती रहती है मैंने तो अपना सब कुछ तुझको अर्पण कर दिया है। हे पारब्रह्म परमेश्वर तू ही मेरा खेवनहार है। ब्रह्म रूप गुरु के चरणों की छाया में कीकर भी चंदन बन जाते हैं।

शिव जैसे गुरु जिनको प्राप्त हुए उनके जीवन के कांटे भी मधुबन बन जाते हैं परम पुरुष पूरण धनी मेरे सच्चे सतगुरु तेरा उजियार मेरी आत्मा में चमकता रहता है । फुलसन्दे महाराज ने कहा कि अभी तुमको यह दुनिया सुनहरी और सुहावनी लग रही है मृत्यु की छाया अभी तुम्हें दिखाई नहीं पड़ रही है। धर्म आचरण करने को यदि तुमको कहें तो यह बातें कहानी जैसी तुम्हें लगतीं हैं, अभी तुम नहीं समझोगे जिसके सिर पर पारब्रह्म रूप गुरु का हाथ है उसका बेड़ा पार हो जाता है और जो मनमाना आचरण करते हैं पाप कर्म करते हैं वे डूब जाते हैं एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा सत्संग के बाद में बहुत लोगों ने मंत्र दीक्षा ग्रहण की और भोजन का प्रसाद भी ग्रहण किया।

सत्संग में सुखबीर सिंह, सुभाष अवस्थी, मुकेश भटनागर, मंजू रानी चौधरी, भावेश कुमार सिंह, पाला राम सिंह, चौधरी नरेश कुमार, रामपाल सिंह आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# सपा विधायक की सक्रियता से मिला मुआवजा, नौकरी का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चीनी मिल बिलारी में



हुए हादसे से दैनिक मजदूर राकेश कश्यप की मौत के अगले ही दिन स्थानीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान की पहल पर कोतवाली में चीनी मिल प्रशासन और मृतक के परिजनों के साथ वार्ता कराई गई।

बैठक में विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने मिल प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और मृतक के बेटे को नौकरी देने की बात रखी, जिस पर सहमति बनी। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान की तत्परता से परिजनों को 5,70,000 की राशि मिली और ग्रामीणों का गुस्सा भी शांत हुआ।

# कूड़ा घर निर्माण में भारी धांधली, जेई ने दोयम ईंट से हो रही चार दीवारी गिरवाई

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका द्वारा 39 लाख रूपये की लागत से बनाए जा रहे कूड़ा घर में भारी धांधली की खबर प्रकाशित होते हुए पालिका के जेई ने मौके पर पहुंचकर धांधली पायी तो मौके हो रहे निर्माण कार्य ध्वस्त कर दिया और निर्माण कार्य में भारी धांधली पर पेंमेंट रोकने की चेतावनी दी है। बतादें कि नगरपालिका की बोर्ड बैठक में द्वारा नगर का कूड़ा एकत्र कर सुरक्षित स्थान पर एकत्र करने के लिए ग्राम समाज की भूमि चिहिन्त कर कूड़ा घर बनाने का प्रस्ताव किया गया गया। इसमें नगरपालिका द्वारा 39 लाख रूपये का टेंडर एक ठेकेदार के नाम छोड़ दिया गया। ठेकेदार ने कूड़ा घर को निर्माण कार्य शुरू करा दिया। ठेकेदार ने सभी नियमों को ताख पर रखकर निर्माण में भारी धांधली शुरू कर दी। अब्बल ईंट के स्थान पर सोयम ईट का इस्तेमाल शुरू कर दिया और नाम मात्र बजरी , रेत, सीमेंट और पीलर और बीम में केवल दो सूत की सरिया डाला गया। बुधवार को कूड़ा घर निर्माण हो रही भारी धांधली की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की गई तो नगरपालिका जेई कुंभकरणीय नींद जागे और तत्काल प्रभाव से ठेकेदार को फोन पर निर्माण रोकने के निर्देश दिए। ठेकेदार ने जेई के आदेश को दरकिनारे करते हुए निर्माण जारी रखा। गुरूवार को जब ने कूड़ा घर को निरीक्षण किया तो मौके पर घटिया सामग्री लगाते हुए ठेकेदार के मजूदर मौके पर पाए गए। इस पर जेई दौलत सिंह ने गुरूवार को निर्माण की गई दीवार को गिराने के आदेश दिए। इस पर लेवर ने जेई के आदेश पालन करते हुए करीब आधी दीवार गिरा दी। जेई दौलत से बताया कि निर्माण रूकवा दिया गया और इस कूड़ा निर्माण में भारी धांधली है। सोयम ईंट कूड़ा घर परिसर में एकत्र और निर्माण किया जा रहा था। सरिया भी नियम अनुसार नही लगाई गई। इसलिए ठेकेदार द्वारा किए कार्य को ध्वस्त कराया जाएगा और जब तक निर्माण मानकनुसार नही होगा तब तक पेंमेट नही होने दिया जाएगा।



## बिजेन्द्र सिंह का स्थानांतरण नवागत थाना प्रभारी बने राजीव कुमार शर्मा संभाला थाने का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को बिजेन्द्र सिंह का स्थानांतरण कर पुलिस लाइन भेज दिया और राजीव कुमार शर्मा को भगतपुर थाने की कमान सौप दी नवागत थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार दोपहर को पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिसकर्मियों के साथ परिचय बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ साथ थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र करना उनकी सबसे पहली प्राथमिकताओं में शामिल हैं फरियादी वेझिझक आकर हमसे अपनी शिकायत कर सकते है।

किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा।

# टिमिट में बी.काम के छात्रों के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 पर विश्लेषणात्मक परिचर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत तीर्थकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 'केंद्रीय बजट 2026-27 : एक विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण' विषय पर एक प्रभावशाली अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन टीएमयू, बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट) तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (इडीसी) के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में रित्तोर्स पर्सन के रूप में सीए गिवारी गुप्ता, एजीएम, फाइनेंस एंड अकाउंट्स, सी.एल. गुप्ता ओव. रसीज एलएलपी, ने केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रमुख प्रावधानों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कर सुधार, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप्स, एमएसएमई सेक्टर, निवेश एवं रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एवं टिमिट, कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल बजट की संरचना समझने में मदद करते है. बल्कि उन्हें नीति निर्माण, प्रबंधन और उद्यमिता के लिए भी तैयार करते हैं। उन्होंने सहयोगी सत्थाओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इनके संयुक्त प्रयास से शैक्षणिक वातावरण और अधिक समृद्ध होता है। इस विश्लेषणात्मक सत्र में टिमिट के सभी वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्ना. ेत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने बजट से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम का सफल समन्वय इवेंट कोऑर्डिनेटर, टिमिट द्वारा किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगी सस्थाओं, रिसोर्स पर्सन्स, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम टिनिट द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, उद्यमिता एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महाचपूर्ण पहल साबित हुआ।




# जीएसटी छापेमारी के विरोध में सर्राफा बाजार बंद, सड़क जाम कर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सर्राफा बाजार में बुधवार को जीएसटी विभाग द्वारा की गई छापेमारी के विरोध में गुरुवार को व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला।

व्यापारियों ने एकजुट होकर सर्राफा बाजार बंद कर दिया और सड़क पर जाम लगाकर जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व जीएसटी टीम ने मोन्टू सर्राफ की दुकान पर छापामार कार्रवाई की थी, जिससे व्यापारियों में नाराजगी फैल गई। व्यापारी नेताओं ने आरोप लगाया



कि भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और सबसे अधिक शोषण व्यापारियों का हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें जीएसटी की कार्रवाई से आपत्ति नहीं है, लेकिन नियमों के तहत सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए।

मौके पर पहुंचीं विकासखंड प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया से फोन पर वार्ता कर व्यापारियों की बात रखी। धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य का हुआ प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पंचायत राज विभाग द्वारा मंडल मुरादाबाद के जनपद मुरादाबाद के विकासखंड ठाकुरद्वारा के विकासखंड सभागार में गुरूवार को ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य एक -एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। डॉ नवनीत शेखर सिंह( फैकल्टी का मैनेजर डी पीआरसी संभल)ने ग्राम पंचायत सचिव,ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षक सुरेश आर्य ने ग्राम पंचायत समितियां के बारे में बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में 6 स्थाई ग्राम पंचायत समिता होती हैं जो जो ग्राम पंचायत के कार्य योजना में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की तथा स्थानीय सतत विकास के लक्ष्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षक सत्येंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना निम्न पांच चरणों के माध्यम से बनाई जाती है, प्रथम चरण में



वातावरण का निर्माण करने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। द्वितीय चरण में परिस्थिति विश्लेषण के लिए प्राथमिक तथा द्वितीयक आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। तृतीय चरण में ग्राम सभा के माध्यम से आवश्यकताओ एवं समस्याओं की पहचान की जाती है तथा प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाता है। चौथे चरण में पंचायत में मौजूद संसाधनों का निर्धारण तथा ड्राफ्ट प्लान तैयार किया जाता है। पांचवें चरण में वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति ली जाती है 5 लख रुपए तक की स्वीकृति ग्राम पंचायत।5 लाख से 7.5 लाख तक सहायक खंड विकास अधिकारी। 7.5 से 10 लाख तक जिला पंचायत राज अधिकारी। तथा 10 लाख से अधिक की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय प्रदान करते हैं। इसके पश्चात ग्राम पंचायत विकास योजना ई- ग्रामस्वराज पोर्टल पर अपलोड की जाती है। प्रशिक्षक अनीता ने ग्राम प्रधान के कार्यो के बारे में बताया। प्रशिक्षण के समापन पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेन्द्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए कहा कि सभी को ग्राम पंचायत विकास योजना अमल में लानी चाहिए तथा इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फैकल्टी कम मैनेजर डॉक्टर नवनीत सिंह शेखर जीप्रशिक्षक सुरेश आर्य जी सत्येंद्र जी,अनीता जी,कव पंचायत योगेंद्र सिंह पुष्पेन्द्र,सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ग्राम प्रधान पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स डीजल फीलिंग स्टेशन, रामपुर रोड अपोजिट न्यू बस स्टैण्ड रोजवेज, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म की पार्टनरशिप डीड का पंजीकरण पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत पंजीकरण सं0 MOR/0008137 पर दिनॉक 14.12.2020 को कराया गया। फर्म पंजीकरण के समय 1. श्री तहव्वुर हुसैन, 2. श्री शरीफ हुसैन व 3. श्री इशरत हुसैन पार्टनर्स थे। दिनाँक 22.04.2022 को श्री शरीफ हुसैन व श्री इशरत हुसैन फर्म से रिटायर्ड हो गये तथा दो नये पार्टनर्स 1. श्री तनजीम हुसैन व 2. श्री ताज़ीम हुसैन शामिल हुए। तदोपरान्त दिनॉक 10.08.2025 को श्री तहव्वुर हुसैन की मृत्यु हो गयी और दिनॉक 24.01.2026 को दो नये पार्टनर्स 1. कु0 शगुफ्ता परवीन व 2. कु0 बिनिश हुसैन फर्म में शामिल हुई। वर्तमान में उक्त फर्म में 1. श्री तनजीम हुसैन, 2. श्री ताजीम हुसैन, 3. कु0 शगुफ्ता परवीन व 4. कु0 बिनिश हुसैन साझीदार है। **भवदीय-**

**( तनजीम हुसैन ) पार्टनर**
**डीजल फीलिंग स्टेशन,**
**रामपुर रोड अपोजिट न्यू बस स्टैण्ड रोजवेज, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सुफियान व उसकी पत्नी श्रीमती भूरी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व की वास्ता नहीं होगा।
मौहम्मद तौफीक पुत्र अब्दुल मजीद व श्रीमती रेशमा परवीन पत्नी मौहम्मद तौफीक निवासीगण तारिक नगर धीमरी, करूला थाना मझौला तहसील व जिला मुरादाबाद

# एसएम कॉलेज के ऐतिहासिक हैली हॉस्टल का निरीक्षण, पुनर्जीवन की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को आरईएस की टीम द्वारा एस.एम. कॉलेज में बने हैली हॉस्टल भवन का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव के साथ टीम द्वारा हैली हॉस्टल के प्रथम एवं द्वितीय तल के कमरों को खुलवाकर निरीक्षण किया। यदि हैली हॉस्टल का कायाकल्प किया जाए तो यह पुन: छात्रों के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। निरीक्षण टीम अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी।



बता दें कि अंग्रेजी शासनकाल में स्थापित एस.एम. कॉलेज जनपद मुरादाबाद का एक समय उत्कृष्ट शिक्षा का प्रमुख केन्द्र रहा है। अंग्रेजों द्वारा कॉलेज के सुचारु संच. ालन के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराई गई थी और विशेष रूप से विज्ञान संकाय की ख्याति दूर-दूर तक थी। इस महाविद्यालय से सिविल अधिकारी, राजनेता और वैज्ञानिक निकलकर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। कॉलेज की प्रतिष्ठा को देखते हुए इसे विश्व. विद्यालय का दर्जा मिलना चाहिए था, लेकिन बीते एक दशक से महाविद्यालय की गरिमा लगातार धूमिल होती चली गई। पूर्व में हैली हॉस्टल में छात्र रहकर अध्ययन करते थे, किंतु आयोग से नियुक्त प्राचार्यों और प्रबंधन तंत्र के बीच कभी समन्वय नहीं बन सका। वर्तमान में कॉलेज गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद से सम्बद्ध है तथा अब इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी संभल को सौंपी गई है।

# एडीएमई ने नगरपालिका के विकास कार्यो की जांच

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका द्वारा कराए विकास कार्यो में अनियमिताएं बरतने की शिकायत पर गुरूवार को अपर जिला अधिकारी ई संगीता गौतम ने नगरपालिका द्वारा विकास कार्यो की जांच की।

गुरूवार को एडीएम ई संगीता गौतम ठाकुरद्वारा नगरपालिकाक पहुंची। जहां पर उन्होने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी रंजनी सिंह की मौजूदगी में नगरपा. लिका द्वारा कराए गए विकास कार्यो की बारीकी से मौके पर पहुंच कर जांच की। एडीएमई ने नगरपालिका द्वारा मोहल्ला मुंडो वाला में डूडा कालौनी के निकट बने नाले और लाल बाग स्थित रोड की जांच की। इस मौके पर नगरपालिका लिपिक कलीम अंसारी, जादेव, वसीम खान सहित अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत के साथ मैच नहीं खेलेगा पाक

## पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा : फैसला सोच समझकर व बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखते हुए लिया



**कराची, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की है कि पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ नहीं लेगा, और कहा कि यह फैसला बांग्लादेश के साथ बहुत सोच-समझकर और एकता में लिया गया है।

एक फेडरल कैबिनेट मीटिंग को एड्रेस करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स को पॉलिटिकल असर से दूर रहना चाहिए, साथ ही 20-टीम के टूर्नामेंट पर पाकिस्तान का स्टैंड भी बताया। जियो न्यूज के अनुसार शहबाज शरीफ ने कहा कि स्पोर्ट्स के फील्ड में पॉलिटिक्स की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, और कहा कि इंडिया के खिलाफ टी-20 मैच का बॉयकॉट करने के मामले में पाकिस्तान को बांग्लादेश के साथ खड़ा होना चाहिए। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद पाकिस्तान ने प्रोटेस्ट के तौर पर 15 फरवरी को अपने कट्टर दुश्मन इंडिया के खिलाफ होने वाले मैच का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। आईसीसी ने यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की उस रिक्वेस्ट को ठुकराने के बाद लिया, जिसमें उन्होंने टूर्नामेंट के 7 फरवरी से शुरू होने के इतने करीब लॉजिस्टिक दिक्कतों का हवाला देते हुए अपने मैच भारत के बाहर किसी जगह पर शिफ्ट करने की रिक्वेस्ट की थी।

इसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, और आईसीसी ने कहा कि इतनी देर से शेड्यूल में बदलाव करना मुमकिन नहीं है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के फैसले पर कई वजहों का असर था, जिसमें उन्होंने आईसीसी का बांग्लादेश के प्रति पक्षपाती रवैया भी बताया। जियो न्यूज के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान टीम को विरोध के तौर पर भारत के खिलाफ मैदान में न उतरने का निर्देश दिया गया था। जवाब में, आईसीसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आपसी सहमति वाले समाधान की दिशा में काम करेगा। राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को मानते हुए, आईसीसी ने पीसीबी से अपने रुख पर फिर से सोचने की अपील की, और चेतावनी दी कि इस बायकॉट से खेल और इसके ग्लोबल फैनबेस को नुकसान होगा। काउंसिल ने कहा कि यह फैसला ग्लोबल खेल या दुनिया भर के फैंस, जिसमें पाकिस्तान के लाखों लोग भी शामिल हैं, की भलाई के लिए नहीं है, और सभी स्टेकहोल्डर्स के हितों की रक्षा के लिए लगातार बातचीत को बढ़ावा दिया। इस बीच, पाकिस्तान की नेशनल टीम अभी आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका के कोलंबो में है, जिसे 7 फरवरी से 8 मार्च तक श्रीलंका और भारत मिलकर होस्ट करेंगे।

# भारत को पाक के खिलाफ खेलने में कोई परेशानी नहीं: सूर्यकुमार यादव

● **कहा: हम आईसीसी के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे, कोई भी अनिश्चितता पाक के फैसले पर निर्भर करती है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैच को लेकर कोई भी अनिश्चितता पाकिस्तान के फैसले पर निर्भर करती है।

मुंबई में कैप्टन डे प्रेस मीट के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि हमारी सोच बहुत स्पष्ट है। हमने खेलने से मना नहीं किया, उन्होंने मना किया। आईसीसी ने मैच की तारीखें घोषित कर दी हैं, हमारी फ्लाइट बुक हो गई हैं, और हम जा रहे हैं। बाकी हम वहां पहुंचने के बाद देखेंगे। भारतीय कप्तान ने इस बात पर बल दिया कि टीम को 15 फरवरी को होने वाले मैच के बारे में आधिकारिक तौर पर बता दिया गया है और उसी के हिंसाब से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके फैसले पर मेरा नियंत्रण नहीं है। हमें 15 तारीख को मैच खेलने के लिए कहा गया है। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि भारत ने तटस्थ जगहों पर पाकिस्तान का कई बार सामना किया है। उन्होंने कहा कि हमने एशिया कप के दौरान एक तटस्थ जगह पर उनसे तीन बार खेला। अगर हमें कोलंबो में खेलने का एक और मौका मिलता है तो हम फिर से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा फैसला नहीं है। यह आसान काम नहीं है, वे जरूर इस पर काम कर रहे होंगे। क्योंकि यह सरकार की ओर से आया है, इसलिए यह एक मुश्किल स्थिति है जिससे निपटना है।

## आयुष म्हात्रे ने वैभव सूर्यवंशी के 'पावर' को सराहा



**हरारे, वार्ता।** भारत के अंडर-19 कप्तान आयुष म्हात्रे ने युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की, जिनकी विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सात विकेट से जीत हासिल कर आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 वर्ल्ड कप में अब तक के सबसे बड़े टोटल का पीछा करते हुए, भारत ने टॉप ऑर्डर से शानदार शुरुआत की, जिसमें 14 साल के वैभव ने सिर्फ 33 गेंदों में तेज 68 रन बनाकर लय तय की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार छक्के और पांच चौके लगाए, टूर्नामेंट में अपना तीसरा अर्द्धशतक बनाया और पावरप्ले के अंदर ही अफगान गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। जबकि ओपनिग पार्टनर एरन जॉर्ज ने 115 रनों की शांत पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, म्हात्रे ने पारी की शुरुआत में दबाव कम करने में वैभव के प्रभाव पर जोर दिया। म्हात्रे ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि 10 ओवर के बाद हमारे पास 90 रन थे और यह हमारे लिए शानदार था।उसने बस दबाव कम किया, और हम बस पारी को आगे बढ़ाना चाहते थे। इसलिए हमारे लिए भी पारी को आगे बढ़ाना बहुत आसान हो गया। भारत ने पहले 10 ओवर में 90 रन बना लिए, जिसके बाद म्हात्रे (62) और जॉर्ज ने मिलकर एक स्थिर शतकीय साझेदारी की और लक्ष्य का पीछा करने को स्थिर किया। फिर विहान मल्होत्रा ने नाबाद 38 रन बनाकर एक आसान फिनिश सुनिश्चित किया, क्योंकि भारत ने आठ से अधिक ओवर शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। शानदार शुरुआत के बाद बल्लेबाजी के तरीके के बारे में बताते हुए, म्हात्रे ने कहा कि योजना चीजों को सरल रखने की थी।

# भारत अंडर-19 की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर

● **अंडर-19 में भारत का मुकाबला आज इंग्लैंड से होगा**



**हरारे, वार्ता।** शुक्रवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का फाइनल एक रोमांचक मुकाबले का वादा करता है, जिसमें भारत अंडर-19 का मुकाबला इंग्लैंड अंडर-19 से होगा, जिसने पहले ही दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। ऑनलाइन वायरल हो रही कहानी साफ है: भारत का रिकॉर्ड तोड़ सेमीफाइनल प्रदर्शन बनाम इंग्लैंड का अजेय अभियान, जिसमें हरारे की धीमी, स्पिन के अनुकूल पिच यह तय करेगी कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी कौन उठाएगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर होंगी। भारत अंडर-19 सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 41.1 ओवर में रिकॉर्ड 311 रन का पीछा करने के बाद आत्मविश्वास की लहर पर फाइनल में पहुंचा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने छह मैचों में 148 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं, और भारत को मजबूत शुरुआत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मध्य क्रम के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और आयुष म्हात्रे, विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ, स्थिरता और आक्रामक बल्लेबाजी प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की बल्लेबाजी में उच्च दबाव वाली स्थितियों को संभालने की गहराई है। हरारे की टर्निंग ट्रैक पर भारत का स्पिन आक्रमण उनका तुरुप का इक्का है। हेनिल पटेल 4-19 की इकॉनमी से 11 विकेट लेकर गेंदबाजी लाइनअप का नेतृत्व करते हैं, जिन्हें आरएस अंबरीश और खिलन पटेल का समर्थन प्राप्त है। स्पिन ऑलराउंडरों के शामिल होने से यह सुनिश्चित होता है कि भारत के पास कई आक्रामक विकल्प हैं, जो इंग्लैंड के बल्लेबाजों की किसी भी गलती का फायदा उठाने में सक्षम हैं। विश्लेषकों का मानना है कि धीमी, सूखी परिस्थितियां फाइनल में स्पिन को निर्णायक कारक बना सकती हैं। इस बीच, इंग्लैंड अंडर-19 टूर्नामेंट में सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जो फाइनल में अजेय रहते हुए पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर उनकी सेमीफाइनल जीत, जिसका नेतृत्व थॉमस रेव के 110 और बेन मेयस की शानदार रन-स्कोरिग ने किया, उनके लचीलेपन को रेखांकित करता है। तेज गेंदबाज मैनी लुम्सडेन, राल्फी अल्बर्ट और सेबेस्टियन मॉर्गन ने पैठ बनाई है, जिससे इंग्लैंड को एक अच्छी तरह से संतुलित आक्रमण मिला है जो भारत के शीर्ष क्रम को चुनौती देने में सक्षम है। टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने की भविष्यवाणी की गई है, दोनों कप्तान जानते होंगे कि पहली पारी में लगभग 260-280 का स्कोर प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। भारत का हालिया रिकॉर्ड पीछा करने का प्रदर्शन दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को दर्शाता है, जबकि इंग्लैंड की अजेय लय मैचों में उच्च प्रदर्शन बनाए रखने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुंबई को बड़ा झटका सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, वार्ता।** र्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से पहले मुंबई को बड़ा झटका लगा, क्योंकि मिडिल-ऑर्डर बैट्समैन सरफराज खान बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हो गए और वह अहम नॉकआउट मैच नहीं खेल पाएंगे। सरफराज को बुधवार को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम सूत्रों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है लेकिन ठीक होने में कुछ दिन लगने की उम्मीद है, जिससे क्वार्टर फाइनल के लिए उनके उपलब्ध होने की संभावना बहुत कम है। 28 साल के सरफराज इस रणजी सीजन में मुंबई के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उन्होंने मिडिल ऑर्डर में खूब रन बनाए और बैटिंग लाइनअप को स्थिरता दी। उनकी गैरमौजूदगी से कर्नाटक की मजबूत टीम के खिलाफ मुंबई की बैटिंग कमजोर होने की उम्मीद है।

### ओमान ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से रौंदा

**कोलंबो, वार्ता।** सुफियान महमूद (तीन विकेट) के बाद जतिदर सिंह (55), हम्माद मिर्जा (35) और जितेन रामानंदी (नाबाद 34) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ओमान ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप अभ्यास मैच में चार गेंदें शेष रहते जिम्बाब्वे को चार विकेट से हरा दिया। यहां ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (56) और ताशिगा मुसेकिवा (नाबाद 54) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 187 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ब्रेंडन टेलर और डिओन मेयर्स ने 26-26 रनों का योगदान दिया। ब्रैड एवंस 11 रन बनाकर आउट हुए। ओमान की ओर से सुफियान महमूद ने तीन विकेट लिए।

# ओलंपिक मशाल वाहक के रूप में सम्मानित हुए ब्रिंदा



● **अभिनव ब्रिंदा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिद्रा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया, और इस पल को एकता और मानवीय भावना का उत्सव बताया। बिद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मिलानो कोर्टिना 2026 में ओलंपिक लौ ले जाने का सम्मान मिला।

यह एकता, दृढ़ता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है। बिद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक के रूप में चुना गया था। 25वें शीतकालीन ओलंपिक आधिकारिक तौर पर शुक्रवार को शुरू होंगे। पहले पदक शनिवार को दिए जाने हैं, जबकि खेल 22 फरवरी को वेरोना ओलंपिक एरिना में समापन समारोह के साथ समाप्त होंगे। मिलानो कोर्टिना 2026 चौथी बार होगा जब इटली शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा।

इस आयोजन में 16 खेलों में 116 पदक कार्यक्रम होंगे, जो बीजिंग 2022 संस्करण की तुलना में सात कार्यक्रम और एक खेल का विस्तार है। मुख्य समारोह मिलान के प्रतिष्ठित सैन सिरो स्टेडियम में होगा, जो फुटबॉल क्लब एसी मिलान और इंटर मिलान का घर है, जिसमें प्रेडाजो, लिविग्नो और कोर्टिना डी' एम्पेजो में अतिरिक्त समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह प्रारूप एथलीट प्रतिनिधिमंडलों को अपने संबंधित प्रतियोगिता स्थलों के करीब परेड करने की अनुमति देगा। उद्घाटन समारोह में प्रमुख इतालवी और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के प्रदर्शन शामिल होंगे, जिसमें अमेरिकी पॉप स्टार मारिया कैरी भी शामिल हैं, जो खेलों के लॉन्च में एक प्रमुख मनोरंजन आयाम जोड़ेंगे। शीतकालीन ओलंपिक दो मुख्य शहरों में फैले होंगे।

## भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में उज्बेकिस्तान से मामूली अंतर से पीछे रहते हुए रजत पदक जीता। आज यहां भारतीय जोड़ी ने डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में फाइनल में 479-6 अंक हासिल किए, जबकि उज्बेकिस्तान की निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालव ने 481-3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पहले दो सीरीज के आखिर में सम्राट और सुरुचि आगे थे, लेकिन उज्बेक खिलाड़ियों की लेट रैली ने उन्हें पीछे कर दिया। चीनी ताइपे के चेंग एन-चिग और हसिंह हसिआंग-चेन ने 412-2 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने 583 अंक के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। दूसरी भारतीय टीम, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और श्रवण कुमार शामिल थे, 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही। आज मिली इस जीत के साथ स्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है। भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

# सुजीत ने जागरेब ओपन में जीता सोना

● **क्रोएशिया में कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कलकल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पेमैन अली को हराया**



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा में स्वर्ण, अमन सहरावत ने 61 किग्रा रजत और अभिमन्यु ने 70 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते।

बुधवार को क्रोएशिया में जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पहलवान पेमैन अली नेमाती को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किलोग्राम कैटेगरी में रजत जीता, जबकि अभिमन्यु को 70 किलोग्राम कैटेगरी में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत 65 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार रहे और बिना कोई अंक गंवाए खिताब जीता। 23 साल के भारतीय पहलवान ने फाइनल में ईरान के पेमैन अली नेमाती को 3-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला खत्म किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खमजात अरसामरजोएव को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर हराया और फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराया। इस बीच, नॉर्डिक सिस्टम के जरिए अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन में अपने करियर का तीसरा पदक जीता। ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय अमन ने ईरान के रेजा हुसैन मोमेनिजोउजादेह (12-2) और जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाश्विली (10-0) को हराया और फिलिस्तीन के अली अबुरमैला से वॉकओवर मिला। अमेरिका के ऑस्टिन डेसैंटो से 8-0 की हार का मतलब था कि भारतीय पहलवान दूसरे स्थान पर रहा। 70 किलोग्राम भार वर्ग में, अभिमन्यु ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराकर शानदार शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में ईरान के सीना खलीली से 10-0 से हार गए।

### नेपाल ने कनाडा को छह विकेट से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** आसिफ शेख (58) और संदीप जोरा (44) की शानदार पारियों की बदौलत नेपाल ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गए अभ्यास मैच में कनाडा को 12 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यहां टॉस जीतकर कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 161 का स्कोर बनाया। नवनीत ने 36 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 41 रनों की पारी खेली। कंवरपाल (25), कीरटॉ (10), हर्ष (आठ) और जसकरण (21) रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने 19 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली। नेपाल के लिए संदीप लैमिछाने और कुशल भुर्तेल ने दो-दो विकेट लिए। सोमपाल कामी और नंदन यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम ने 18 ओवर में 162 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।

# विनेश फोगाट ने चयन मानदंडों की आलोचना की



● **भारतीय पहलवान विनेश ने हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों को पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों की आलोचना करते हुए इसे अनुचित और युवा और उभरते पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया। एक्स पर एक तीखे पोस्ट में, विनेश ने केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों तक ट्रायल सीमित करने के फैसले पर सवाल उठाया, और कहा कि यह उन हजारों योग्य एथलीटों को बाहर करता है जिन्होंने सालों तक ट्रेनिग ली है। विनेश ने लिखा कि केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और उन पहलवानों को ट्रायल का मौका देना जिन्होंने 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया, हजारों मेहनती पहलवानों के साथ धोखा है। कई तीखे सवाल उठाते हुए, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की पदक विजेता ने पूछा कि क्या 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेता अचानक अयोग्य हो गए हैं, क्या सब जूनियर राष्ट्रीय पदकों का कोई मूल्य नहीं रह गया है, और क्या घायल खिलाड़ियों को उन परिस्थितियों के लिए दंडित किया जा रहा है जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई पहलवान जो उम्र की पाबंदी के कारण 2025 सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके, वे 2026 में पूरी तरह से योग्य हैं, फिर भी उन्हें अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। विनेश ने चेतावनी दी कि ऐसी चयन नीतियों के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं, खासकर ऐसे साल में जिसमें एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होने हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट में खेलना और देश के लिए पदक लाना हर खिलाड़ी का सपना होता है। लेकिन इन नियमों के कारण, आप उन्हें अभी ही बाहर कर रहे हैं और व्यावहारिक रूप से उनके भविष्य पर स्थाई रोक लगा रहे हैं,ष उन्होंने इस स्थिति को षखिलाड़ियों के जीवन और संघर्षों का खुला मजाक बताया। पूर्व विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ने राज्य स्तर पर भी निष्पक्ष ट्रायल की कमी पर चिंता व्यक्त की, और तर्क दिया कि यह माहौल नई प्रतिभाओं के उभरने को असंभव बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर निष्पक्ष चयन की जरूरत है, तो ओपन ट्रायल होने चाहिए। प्रतिभा की पहचान मैट पर होती है, और किसी खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका न देना बहुत बड़ा धोखा है। सीधे राज्य नेतृत्व से अपील करते हुए, विनेश ने सीएम से हस्तक्षेप करने और राज्य के पहलवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## चयनकर्ताओं को सुंदर पर सीओई के फीडबैक का इंतजार

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय चयन समिति वाशिंगटन सुंदर का इंतजार करने के लिए तैयार दिख रही है। टी 20 वर्ल्ड कप शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं और अजीत अगरकर एंड कंपनी अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की तलाश में है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पता चला है कि चयनकर्ता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से और जानकारी मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन गुरुवार (5 फरवरी) तक सुंदर टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं की वर्ल्ड कप की योजनाओं का हिस्सा लग रहे हैं। 26 साल का ऑलराउंडर, जो पिछले महीने लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहा है, बुधवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच में टीम से गायब था। क्रिकबज को पता चला है कि सुंदर को फिटनेस हासिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ता कब तक इंतजार करेंगे, यह साफ नहीं है, लेकिन अभी वे तमिलनाडु के ऑलराउंडर को बदलने की जल्दी में नहीं हैं। जाहिर है, अंतिम फैसला सीओई के ट्रेनर और फिजियो की सलाह पर निर्भर करेगा और ऐसा लगता है कि उन्होंने अभी तक सुंदर के इस बड़े इवेंट के लिए तैयार होने की उम्मीद नहीं छोड़ी है।

# रोनाल्डो ब्राजील के विश्व कप जीतने की संभावनाओं को लेकर आशावादी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा कि मैं बहुत आशावादी हूं।हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना व रियल मैड्रिड स्टार ने कहा कि यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राजीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमश: ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है।



● **पांच बार की विश्व विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी**

# ढाबे पर युवक के साथ जमकर मारपीट

## वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी चुंगी पर स्थित एक ढाबे में युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक युवक को घेरकर बेल्टों से पीट रहे हैं। युवक खुद को बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है, लेकिन हमलावर लगातार उस पर वार करते रहते हैं। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की काफी कोशिश भी की।बताया जा रहा है कि यह घटना एक खाने के होटल के अंदर या उसके परिसर में हुई। फिलहाल मारपीट के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान ले लिया है।

कटघर थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और ढाबे की पहचान कर ली गई है। मारपीट में शामिल लोगों की शिनाख्त के लिए वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित युवक की पहचान और मेडिकल जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि



दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ग्रामीण ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा पुलिस कार्यालय में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रिट सेल, फीडबैक सेल, जनशिकायत प्रकोष्ठ सहित अन्य संबंधित कार्यालयों का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण ने कार्यालयों में रखे अभिलेखों की जांच करते हुए उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव और समय-समय पर अद्यावधिक किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों और प्रकरणों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो।कुंवर आकाश सिंह ने रजिस्टरों, फाइलों और कंप्यूटर रिकॉर्ड की स्थिति की समीक्षा करते हुए



कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सही तरीके से दर्ज हों। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, व्यवस्था और अनुशासन पर विशेष ध्यान देने को कहा। एसपी ग्रामीण ने यह भी कहा कि जनशिकायत प्रकोष्ठ आम लोगों से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए यहां आने वाले फरियादियों से संवेदनशीलता और शालीनता के साथ व्यवहार किया जाए।निरीक्षण के अंत में उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदे. ही और कार्यकुशलता बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस कार्यालय का उद्देश्य जनता को त्वरित और प्रभावी सेवा उपलब्ध कराना है।

## एक नजर

### केयरटेकर एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की उठाई मांग




**मुरादाबाद।** समुदायिक शौचालय केयरटेकर एसोसिएशन ने गुरुवार को जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत केयरटेकर लंबे समय से समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञापन में मुख्य मांग रखी गई कि केयरटेकरों का मानदेय किसी माध्यम के बजाय सीधे प्रशासन द्वारा उनके बैंक खातों में भेजा जाए, जिससे भुगतान में होने वाली देरी और अनियमितताओं पर रोक लग सके। इसके साथ ही हर महीने समय से मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई।एसोसिएशन ने कहा कि केयरटेकर वर्षों से बेहद कम मानदेय में कार्य कर रहे हैं, जबकि उनके कार्य की जिम्मेदारी और मेहनत काफी अधिक है। ऐसे में मानदेय में वृद्धि की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।इसके अलावा कई केयरटेकरों का मानदेय महीनों से रुका हुआ है, जिसे तत्काल जारी करने की मांग की गई। एसोसिएशन ने यह भी मांग की कि केयरटेकरों को ईएसआईडी कार्ड की सुविधा दी जाए, ताकि उन्हें स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा से जुड़े लाभ मिल सकें।ज्ञापन सौंपते समय केयरटेकरों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की।

### जिला अस्पताल में राजकीय नर्सेस संघ के तत्वाधान में नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी पहनकर किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन




**मुरादाबाद।** नर्सिंग पेशा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का मजबूत स्तंभ है। दिन-रात कठिन परिस्थितियों में मरीजों की सेवा करने वाले नर्सिंग कर्मियों ने अपने अधिकारों और सम्मान की मांग को लेकर एकजुट होकर आवाज बुलंद की। ऑल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेस फेडरेशन के आह्वान पर 02 फरवरी से 05 फरवरी तक जिला चिकित्सालय में नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी पहनकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।नर्सिंग कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से ज्ञापन, वार्ता और शांतिपूर्ण संवाद के बावजूद उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। समान कार्य के लिए समान वेतन, समयबद्ध पदोन्नति, लंबित भत्तों का भुगतान, आउटसोर्सिंग और संविदा प्रथा पर रोक, स्टाफ की भारी कमी दूर करने तथा 8वें वेतन आयोग में नर्सिंग से जुड़ी न्यायसंगत सिफारिशें लागू करने जैसी मांगें अब तक लंबित हैं।

इन समस्याओं के कारण न केवल नर्सिंग कर्मियों का शोषण हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।इसी क्रम में 06 फरवरी को जंतर-मंतर, नई दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रव्यापी स्तर पर अपनी मांगें रखने का आह्वान किया गया है। इस आंदोलन में राजकीय नर्सेस संघ जिला अस्पताल की जिला अध्यक्ष पूनम मेसी, जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा, कोषाध्यक्ष सीमा भारती, उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री कामिनी सिंह, मंडल अध्यक्ष विलेम विक्टर सहित स्नेह ज्योति, माधुरी चौधरी, ऋचा, सपना पाल, सपना चौहान, निशात अंजुम, अंकिता गुप्ता, रेनू यादव, योजना चौहान, रितिका, आरती, नीलम, उमा प्रियंका, शालिनी, सरस्वती पूजा समेत अनेक नर्सिंग ऑफिसरों ने सक्रिय भागीदारी की।नर्सिंग कर्मियों ने सरकार से मांग की है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वह पूरी निष्ठा से मानवता की सेवा करते रहें।

# भैंस चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरखेडा में भैंस चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास नकदी भी बरामद हुई। एक आरोपी की पुलिस को तलाश है। तुरखेड़ा गांव के राकेश पुत्र बीरबल ने 24 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 जनवरी की रात अज्ञात चोर उसके घर से बंधी हुई भैंस को चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस ने जिला रामपुर के थाना सैफनी के गांव ललवारा के महेंद्र पुत्र बुद्धा को गिरफ्तार किया। जिसने बताया कि उसने गोरा शाहगढ़ के विक्रम पुत्र मोती के साथ 21 जनवरी की रात में चोरी की थी। विक्रम ने भैंस को भेज दिया। उसके हिस्से में आए 20500 दे दिए। पैसा खर्च हो गया, बाकी 8050 बचे हैं। पुलिस ने रुपए बरामद करके आरा. पी को जेल भेज दिया।

# राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर में वार्षिक समारोह धूमधाम से सम्पन्न, छात्राओं की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम सफीलपुर स्थित राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर में बुधवार (04 फरवरी 2026) को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जुड़ी अनेक विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया। समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वय (समग्र शिक्षा) सुनीता चौधरी उपस्थित रहीं।

उनके साथ अलका (प्रधानाचार्या, राजकीय हाई स्कूल वीरपुर बरियार), स्वदेश (प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल नागलिया मशकूला), नीलू तथा भूपेंद्र (राजकीय इंटर कॉलेज पकवाड़ा, मुरादाबाद) ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता चमोली द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय



की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसके बाद अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर वार्षिक समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया गया। स्वागत गीत पर छात्राओं के मनमोहक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने नृत्य, फनी कॉमेडी एवं नुक्कड़ नाटक जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे सत्र में संचालित करियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार की गई विद्यालय पत्रिका "पंखप्रेरणा" का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अतिथियों के हाथों सम्मानित भी किया गया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्या अनीता चमोली ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्वाति ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में कंचन सिंह एवं लता देवी का विशेष सहयोग रहा। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की उपलब्धियों के उत्सव, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# सरकारी दुकानों पर खाद्यान्न का वितरण 8 से 26 के बीच कराए जाने के निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सरकारी दुकानों पर निशुल्क खाद्यान्न का वितरण 8 से 26 फरवरी के बीच कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं कहा गया है की डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत 7 फरवरी तक दुकानों पर खाद्यान्न पहुंच जाना चाहिए जिन ब्लॉकों में सिंगल स्टेज डिलीवरी की व्यवस्था क्रियान्वित है वहां संबंधित पूर्ति निरीक्षक द्वारा जहां सिंगल स्टेज डिलीवरी वर्तमान में क्रियान्वित नहीं है वहां हार्ड गोदाम प्रभारी द्वारा उठान का रियल टाइम अपडेशन सुनिश्चित किया जाएगा। दुकान पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन उप जिलाधिकारी द्वारा उक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से वितरण आरंभ होने के पूर्व सुनिश्चित कराया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी उप जिला अधिकारी की होगी संबंधित पूर्ति निरीक्षक द्वारा खाद्यान्न एवं बाजार तथा ज्वार के उचित दर दुकान पर पहुंचने की सूचना नोडल अधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से समय से दी जाएगी। जिससे गेहूं चावल बाजरा तथा ज्वार के भौतिक सत्यापन पर वितरण हेतु नोडल अधिकारी की उपस्थिति समय से सुनिश्चित की जा सके कहा गया की समस्त जनपदों में ई-पास मशीनों से आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जाएगा खाद्यान्न निशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी विक्रेता अपने उपलब्ध स्टाक की सीमा तथा पोर्टेबिलिटी ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह उक्त दिवस को गेहूं व चावल का ई पास के माध्यम से निर्वाण निशुल्क वितरण सुनिश्चित करेंगे खाद्यान्न के वितरण की अंतिम तिथि 26 फरवरी होगी।आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त नहीं कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण संपन्न किया जा सकेगा खाद्यान्न वितरण सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर 2:00 से शाम 6:00 बजे तक होगा कोशिश रहेगी की कोई भी पात्र लाभार्थी अनुमन्य वस्तुओं की प्राप्ति से वंचित न रह सके। इस कार्यक्रम का प्रचार प्रचार भी समय से कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजकीय हाईस्कूल वीरपुर बरियार खरक में हुआ वार्षिकोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ब्लॉक मुंडापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत वीरपुर बरियार खरक में वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव में अतिथिगण समग्र शिक्षा की जिला समन्वयक अधिकारी सुनीता चौधरी, ऋषिकुल इंटर कॉलेज मुरादाबाद से गजेंद्र सिंह व सनील कुमार महोदय जी, राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर की प्रधानाचार्या अनीता चमोली जी की गरिमामय उपस्थिति रही।

वार्षिक समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया।छात्राओं ने स्वागत गीत, कव्वाली नृत्य, योगा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसकी अतिथियों व अभिभावकों ने सराहना की। आदरणीय मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि युवा छात्र राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी छात्राओं को प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या मती अलका राज ने विद्यालयों की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा विद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया




।इस अवसर पर छात्रों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन व प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार वितरण और उन्हें सम्मानित किया गया।

गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में प्रथम द्वितीय व्यक्तित्व स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों खेल व विज्ञान व अन्य प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही एल्युमिनाइ छात्रों को भी सम्मानित किया गया ।समारोह में विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं दीपिका, बिना ममता सुशील,शुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की प्रभारी वरिष्ट शिक्षिका दीपिका रही तथा मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका ममता सुशील ने किया।

### मुरादाबाद की ऐतिहासिक उपलब्धि: 'मेड इन इंडिया' आईवीएल एंजियोप्लास्टी से बाईपास से इंकार कर चुके मरीजों को मिली नई उम्मीद

**मुरादाबाद।** शहर के उजाला सिग्नस ब्राइटस्टार हॉस्पिटल में हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। अस्पताल में पहली बार भारत में बनी इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी प्टस् तकनीक से



जटिल एंजियोप्लास्टी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह प्रक्रिया डॉ. प्रो. संदीप मिश्रा और डॉ. पंकज गोयल की टीम ने एक बुजुर्ग मरीज पर की, जो बाईपास सर्जरी कराने से मना कर चुके थे।डॉक्टरों के अनुसार मरीज की हृदय धमनियों में अत्यधिक कैल्सीफाइड ब्लॉकेज थी, जिसे आईवीएल तकनीक की मदद से सुरक्षित रूप से तोड़ा गया। इस प्रक्रिया में मेरिल लाइफसाइंसेज की स्वदेशी "मेसन" प्रणाली का उपयोग किया गया, जिसके बाद तीन ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट सफलतापूर्वक लगाए गए आईवीएल तकनीक हल्की सोनिक प्रेशर वेव्स से धमनियों में जमे कठोर कैल्शियम को तोड़ती है, जिससे एंजियोप्लास्टी अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनती है। डॉक्टरों ने बताया कि इससे उन मरीजों को भी राहत मिल सकती है, जिनके लिए पहले केवल बाईपास ही विकल्प था।अस्पताल प्रबंधन ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि अब मोरादाबाद में भी विश्वस्तरीय, किफायती और अत्याधुनिक हृदय उपचार उपलब्ध है।

### पॉक्सो एक्ट में दोषी को 13 वर्ष का कारावास

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी द्वारा अपराधियों को लगातार दंडित किया जा रहा है। यदि आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एवं दोष सिद्ध होता तो उसे दंड मिलना निश्चित है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने अपराध संख्या 235/2019 में अभियुक्त पप्पू पुत्र स्व. सोमपाल निवासी रुदायन मौहल्ला पछाया, थाना इस्लामनगर, जिला बदायूं को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 एवं 366 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। वादी ने 15 जून 2019 को कोतवाली चन्दौसी में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री बुद्धनगर खण्डुवा से दवा लेने चन्दौसी आई थी, परंतु शाम तक घर नहीं लौटी। गुड्डू पुत्र वीरसिंह निवासी रुदायन थाना इस्लामनगर जिला बदायूं दो अन्य व्यक्तियों के साथ पीडिघ्ता को बहला-फुसलाकर ले गया और उसे पंजाब ले जाकर अभियुक्त पप्पू को बेच दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 363 के तहत तीन वर्ष का कारावास एवं 3,000 रुपये अर्थदंड, धारा 366 के तहत पांच वर्ष का कारावास एवं 6,000 रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत 13 वर्ष का कारावास एवं 50,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया, साथ ही आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। सजा कराये जाने में विशेष लोक अभियोजक आदित्य कुमार सिंह, एचएम रामकुमार सिंह, पैरोकार बृजपाल सिंह का सहयोग रहा।

# टीएमयू के फार्मेसी, एग्रीकल्चर और मेडिकल कॉलेजों की क्रिकेट मुकाबलों में जोरदार जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुक. ेशन की ओर से आयोजित इंटर कॉलिजिएट चैंपियनशिप- 2026 के आधा दर्जन क्रिकेट मुकाबलों में फार्मेसी कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और मेडिकल कॉलेज की टीमों ने धमाकेदार जीत दर्ज की। फार्मेसी कॉलेज ने फिजियोथैरेपी कॉलेज को 44 रनों, एग्रीकल्चर कॉलेज ने डेंटल कॉलेज को 115 रनों और मेडिकल कॉलेज ने फाइन आर्ट्स कॉलेज को 09 विकेट से मात देते हुए मुकाबले अपने नाम किए। फार्मेसी और फिजियोथेरेपी के मुकाबले में फार्मेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। फार्मेसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 151 रनों का पहाड़नुमा स्कोर बनाया। फॉर्मेसी की ओर से बल्लेबाज वीरेंद्र ने 31 गेंदों में 69 की तूफानी पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 2 बेहतरीन छक्के शामिल रहे। फिजियोथैरेपी की तरफ से सलमान ने 1 विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फिजियोथेरेपी की टीम 12





ओवर में महज 106 रन बना पाई। फिजियोथेरेपी की ओर से फैजल ने 4 चौके की मदद से 35 रनों की पारी खेली। फार्मेसी की तरफ से आदित्य ने 3 ओवरों में 3 विकेट चटकाए। फार्मेसी के वीरेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे और मुकाबलों में पैरामेडिकल कॉलेज ने नर्सिंग कॉलेज, एजुकेशन कॉलेज ने लॉ कॉलेज और मैनेजमेंट कॉलेज ने इंजीनियरिंग कॉलेज को हराया। एग्रीकल्चर और डेंटल कॉलेज के मुकाबले में डेंटल कॉलेज का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय बहुत महंगा साबित हुआ। एग्रीकल्चर की टीम ने ये मुकाबला 115 रनों से अपने नाम किया।

एग्रीकल्चर ने 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 179 का विशाल स्कोर खड़ा किया। एग्रीकल्चर की तरफ से हर्ष राज ने 17 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्के की मदद से 54 रनो की ताबड़तोड़ पारी खेली। हर्ष को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मन ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंटल की टीम पूरे 12 ओवर खेलते हुए 9 विकेट के नुकसान पर महज 64 रनों पर ही ढेर हो गई। एग्रीकल्चर की ओर से अजहर ने 2 ओवर में 3 विकेट, जबकि डेंटल की ओर से अक्षित ने 18 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस धमाकेदार जीत के साथ एग्रीकल्चर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई हुआ। फाइन आर्ट्स कॉलेज और मेडिकल कॉलेज के मुकाबले में मेडिकल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 12-12 ओवर के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइन आर्ट्स की टीम 9 विकेट के नुकसान पर महज 59 रन ही बना सकी। फाइनआर्ट की तरफ से मुस्तफा ने 13 रन 11 गेंदों में 1 चौके की मदद से 13 रन बनाए और टीम के सबसे सफल बल्लेबाज साबित हुए। मेडिकल की तरफ से अभय सिंह ने 2 ओवर में 3 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल की टीम ने मात्र 6.1 ओवरों में 1 विकेट खोकर 60 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

फाइन आर्ट्स की ओर से 1 मात्र विकेट आकाश कोहली के नाम रहा। मेडिकल की ओर से शिवम ने 13 गेंदों में 18 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। इस दौरान शिवम ने कुल 2 चौके जड़े। बेहत. रीन गेंदबाजी के लिए मेडिकल के अभय सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की सुरक्षा

गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने सदन में पीएम की सुरक्षा को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ लोकसभा में बड़ी घटना हो सकती है। इसलिए बुधवार की शाम पांच बजे होने वाली पीएम मोदी की स्पीच टालनी पड़ी। उनके अनुसार पीएम सदन में मौजूद थे, उन्होंने ही उन्हें न आने का आग्रह किया था। गुरुवार को पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोले जरूर, लेकिन हंगामा बढ़ता देख उनका भाषण पूरा नहीं हो सका। लोकसभा स्पीकर का यह भी कहना था कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय में जो हुआ वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ओम बिडला का यह भी कहना था कि जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद पीएम की सीट के पास पहुंच गए थे, विपक्ष की कई महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची। यह बिल्कुल संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। गुरुवार को पीएम मोदी के भाषण के समय लोकसभा स्पीकर ने पहली बार 65 सेकेंड में, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्षी मांग कर रहे थे कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात नहीं रखने दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा। इस तरह बजट सत्र के सातवें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया और 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव पीएम के भाषण के बिना पास हुआ। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी सदन में यह कहने से नहीं चूके कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, लेकिन उनकी विकास यात्रा को नहीं रोक सकता। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। पीएम मोदी का कहना था कि देश का हर व्यक्ति महसूस कर रहा है कि अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि आज विकसित देश भारत के साथ ट्रेड समझौते कर रहा है। यह काम भारत अपनी शर्तों पर कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह सब रास नहीं आ रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब वह 2014 में आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था में विश्व पर छठें नंबर पर था। आज तीसरे नंबर पर आने को आतुर है। अच्छा होता कि सदन में चर्चा के लिए वातावरण बनाया गया होता। अगर सरकार सच में इतनी आवश्वस्त है और उसके फैसले भारत के पूरी तरह हित में हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, तो यह तो और भी जरूरी हो जाता है कि सरकार इस सच को देश के सामने रखे। इससे सरकार को ही लाभ होगा और बिना वजह का संदेह भी समाप्त होगा, लेकिन हो इसके उलट रहा है। सरकार भी नहीं चाहती कि सदन के भीतर कोई स्वस्थ चर्चा हो।

## सरकार और किसान एआई पर काम कर रहे



डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिये किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उप्र इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# आर्थिक लाभ या जोखिम





**रजनीश कपूर**

केंद्रीय बजट के बाद जिस तरह से सोने-चांदी में भारी गिरावट दिखाई दी, उससे निवेशक अभी संभले ही नहीं थे कि हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने वैश्विक व्यापार जगत को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को शून्य करने और रूसी तेल खरीद कम करने का वादा किया है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मिश्रित परिणाम ला सकता है, जहां निर्यात को बढ़ावा मिलेगा लेकिन कृषि प्रधान देश भारत में, कृषि के क्षेत्र में चुनौतियां अवश्य सामने आएंगी।

माना जाता है कि यह समझौता जुलाई 2025 से चले टैरिफ युद्ध का परिणाम है, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ लगाया था। इस समझौते के बाद अब कुल प्रभावी टैरिफ 18 प्रतिशत रहेगा, जो वियतनाम (20 प्रतिशत) और चीन (34 प्रतिशत) से बेहतर है। समझौते के दावों के अनुसार भारत ने अमेरिकी ऊर्जा, रक्षा, कृषि उत्पादों पर 500 अरब डॉलर की खरीद का वचन दिया है, जिसमें पेट्रोलियम, डेयरी और नट्स शामिल हैं। हालांकि, पूर्ण विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, केवल सोशल मीडिया पोस्ट और अधिकारियों के बयानों पर ही तमाम खघ्बरें और विश्लेषण आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा अवश्य दे सकता है। खासकर वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग उत्पादों में। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अमेरिकी बाजार में प्रवेश से भारत की जीडीपी में 0.6 प्रतिशत वृद्धि से 7.4 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। सीईए वी। अनंता नागेश्वरन के अनुसार यह समझौता निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और रुपये को स्थिर भी कर सकेगा। हालांकि, अमेरिकी आयात बढ़ने से व्यापार अधिशेष कम हो सकता है और ऊर्जा आयात बिल बढ़ सकता है क्योंकि रूसी तेल सस्ता था। कुल मिलाकर, लघु अवधि में सकारात्मक लेकिन दीर्घकालिक असंतुलन का खतरा हो सकता है। फिलहाल सरकार ने इस समझौते को लेकर किसी भी तरह की औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की, जिससे सवाल उठे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, जबकि पीएम मोदी ने केवल धन्यवाद दिया। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील रियायतें, जैसे कि कृषि बाजार खोलना, छिपाई जा रही हैं ताकि किसान आंदोलन न भड़के। यह पारदर्शिता की कमी राष्ट्रीय हितों पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि व्यापार संधियों में आमतौर पर पूर्ण खुला. सा किया जाता है। जानकारों के अनुसार, यह रणनीतिक गोपनीयता लगती है लेकिन वहीं ए लो. कतांत्रिक जवाबदेही को कमजोर करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'सरेंडर 2.0' कहा और आरोप लगाया कि मोदी सरकार दबाव में झुकी और किसानों के हित बेचे। उन्होंने संसद में चर्चा रोकने का आरोप लगाया, जबकि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष पर हंगामा करने का इल्जाम लगाया। विपक्ष का मुख्य मुद्दा असमानता है। अमेरिका 18 प्रतिशत टैरिफ रखे, भारत शून्य दे। यह साफ तौर पर 'ट्रंप-निरभरता' है। राजनी. तिक रूप से देखा जाए तो यह मौजूदा बजट सत्र में सरकार को घेरने का हथियार है, लेकिन मूल चिंता कृषि और ऊर्जा सुरक्षा की है।

जानकार मानते हैं कि इस समझौते के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। 2025 में 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत के निर्यात में गिरावट आई। अगस्त में 6.86 अरब डॉलर से अक्टूबर में 6.30 अरब। ट्रंप की 'आर्थिक ब्लैकमेल' नीति ने रूसी तेल खरीद को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारी कीमत चुकाने को तैयार' कहा था। सेवानिवृत अफसरों ने सलाह दी कि बुरा समझौता न करें। यह दबाव रणनीतिक था, चीन के विकल्प के रूप में भारत को मजबूत करना तो ठीक था, लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल भी उठने लगे। अगर शर्तें एकतरफा हों तो समझौता न करना ही बेहतर था। वहीं इस समझौते को लेकर अर्थशास्त्री विभाजित हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, निर्यात 64 प्रतिशत बढ़ सकता है, लेकिन अगर समझौता विफल होता है तो जीडीपी पर 0.7 प्रतिशत नुकसान संभव है।

आशावादी अर्थशास्त्रियों का मानना है किजीडीपी 7.4 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। लेकिन वजाहत हबीब जैसे विशेषज्ञ असमानता पर सवाल उठाते हैं- 0 बनाम 18 प्रतिशत टैरिफ, किस दृष्टि से सही है? एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि डेयरी को 1.03 लाख करोड़ का नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विनिर्माण को फायदा लेकिन कृषि को खतरा संभव है इसलिए संतुलित सुधार जरूरी हैं। गौरतलब है कि भारत जैसे देश में कृषि क्षेत्र सबसे संवेदनशील है। समझौते के मुताबिक अमेरिका बादाम, सोयाबीन तेल, कपास और डेयरी निर्यात बढ़ाएगा। डेयरी में, वर्तमान 60 प्रतिशत टैरिफ कम होने से कीमतें 15 प्रतिशत गिर सकती हैं, जिससे किसानों को 1.03 लाख करोड़ का वार्षिक नुकसान हो सकता है। आयात 25 मिलियन टन बढ़ सकता है, 1-2 गाय वाले छोटे किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। अमूल जैसे कोऑपरेटिव भी प्रभावित होंगे। पूर्व व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इससे किसान का विरा. ेध भड़क सकता है। वहीं सकारात्मक पक्ष इस बात का दावा भी कर रहे हैं कि प्रोसेस्ड एग्री निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में संरक्षण जरूरी है। यह आम नागरिकों की आजीविका को जोखिम में डालता सकता है, जहां 80 प्रतिशत कृषि छोटे किसानों पर निर्भर। भू-रणनीतिक की दृष्टि से यह समझौता जरूरी था, क्योंकि चीन के मुकाबले भारत को मजबूत करना, एक अच्छी रणनीति अवश्य है लेकिन यह आर्थिक रूप से असंतुलित है। एक ओर टेक्सटाइल और फार्मा आदि क्षेत्रों में निर्यात अवश्य बढ़ेगा, लेकिन 'बाय अमेरिकन' की नीति से घरेलू उद्योग अवश्य दब सकते हैं। कृषि में अमेरिकी सब्सिडी उत्पाद सस्ते आयात से ग्रामीण संकट बढ़ा सकते हैं। ऐसे में पारदर्शिता की कमी जनता के बीच विश्वास घटाती है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह अवसर अवश्य हो सकता है लेकिन ध्यान रहे कि देश की आर्थिक नीति की सुरक्षा के लिए सावधानी अवश्य बरतनी होगी, कोई भी देश सर्वोच्च नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कितना सेहतमंद है बोतलबंद पानी


**स्पष्ट है कि शुद्ध और स्वच्छ जल के नाम पर बिकने वाला बोतलबंद पानी लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल के निर्माण के दौरान होने वाली अतिरिक्त जल की बर्बादी से भूजल स्तर में कमी हो रही है। पेयजल का कोई सुरक्षित विकल्प खोजना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।**



भारत में पानी की गुणवत्ता का हमारे स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। यदि पेय जल प्रदूषित हो तो यह जहर के समान हो जाता है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि ज्यादातर जल स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। समूचा विश्व जल संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिल पाना अपने आप में एक चुनौती हो गई है।

कुछ सालों पहले से बोतलबंद पानी दुनिया भर के बाजारों में बिकना शुरू हुआ। जिसे कंपनियों ने यह कहकर बेचना शुरू किया था कि यह स्वच्छ, शुद्ध और खनिज युक्त है। जिसे वास्तविकता मान कर लोग इसे धड़ल्ले से खरीदने लगे हैं, पर क्या वास्तव में बोतलबंद पानी खनिज युक्त होता है और क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है? पहले तो यह स्पष्ट करते चलें कि बाजार में बिकने वाला हर बोतलबंद पानी मिनरल वॉटर नहीं होता है। मिनरल वॉटर वह पानी होता है जो ऐसे प्राकृतिक स्रोतों से भरा जाता है जहां के पानी में कई लाभदायक खनिज तत्व पाए जाते हैं। यह स्वास्थ्यवर्धक लवणों, खनिजों से भरपूर और ऑक्सीजन युक्त होता है। जो स्वाद में अच्छा और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर बोतलबंद पानी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर होता है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर नल से आने वाला सामान्य पानी होता है जिसे फिल्टर से छान कर, रिवर्स ऑस्मोसिस, ओजोन ट्रीटमेंट आदि से साफ करके पैक कर दिया जाता है। इसी प्रकार, लोगों में आरओ सिस्टम को लेकर भ्रांति है कि इससे नितांत शुद्ध व स्वच्छ जल मिलता है, किंतु वास्तव में आरओ सिस्टम से गुजरा हुआ पानी भी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कारण, क्योंकि आरओ सिस्टम में लगे फिल्टर कुछ दिनों बाद ही पानी को साधारण तरीके से फिल्टर करने लगते है। बोतलबंद पानी को लेकर अमेरिका में हुई रिसर्च से पता चला है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के खतरनाक कण मिल रहे हैं। अमेरिकी संस्था नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल के अनुसार बोतल बनाने में एन्टिमनी का उपयोग किया जाता है। इस वजह से बोतलबंद पानी को अधिक समय तक रखने पर उसमें एन्टिमनी की मात्रा घुलती जाती है। इस रसायन युक्त पानी को पीने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में बोतलबंद पानी पर शोध कर बताया है कि भारत सहित दुनियाभर में मिलने वाले बोतलबंद पानी में 93 फीसदी तक प्लास्टिक के महीन कण देखे गए हैं। इसके अतिरिक्त जिन प्लास्टिक की बोतलों में मिनरल या फिल्टर वॉटर बिकता है वे पॉलीएथिलीन टेरीथेलेट PET की बनी होती हैं।

# नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। यूं कहें तो नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वहीं पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की .ष्टि से जरूर देख रहे हैं। नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है। लेकिन इसका भी कोई क्लीयर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है लेकिन समस्याएं जस की तस है। बेरा. ेजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है,यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है परिणाम चौंकाने वाला हो। लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहें हैं। इनका टीवी टाक शो



नेपाल में काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे। हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के के भरोसे है।

काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह जब मेयर थे तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनके राजनीति का केंद्र बिंदु यही है तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है। यह चुनाव शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म ष्हामी नेपालष के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थे के यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी। आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमे. कर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसाई द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाणी को लेकर वे सुर्खियों में थे।अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। नेपाल के चुनाव में इस बार मधेश मुद्दा गायब है। लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी है। ए लोग खुद को भारत के करीब जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों। लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सकता। नए सीमांकन का नतीजा यह हुआ कि मधेशी उम्मीदवारों को पहाड़ के वोटरों पर निर्भर रहना मजबूरी हो गया। इसी तरह पहाड़ी उम्मीदवार को मधेश के वोटरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा हो जाने से पहाड़ और मधेश का भेद जरूर समाप्त हो गया लेकिन मधेश के नेताओं और मधेश आधारित राजनीतिक दलों का अस्तित्व भी समाप्त हो गया।राजशाही खत्म होने के बाद ढेर सारे मधेशी दलों का उदय हो गया था। ये दलें मधेशी समस्याओं के समाधान के नाम पर चुनाव जीतते रहे और इसी आधार पर भारत से भी निकटता बनाए रहे। मधेशी दलों ने मध. ेश और यहां के नागरिकों के भलाई के लिए तो कुछ नहीं किया,हां सत्ता की मलाई काटने के लिए वैचारिक रूप से अपने विरोधी दलों की सरकारों में मंत्री और अन्य उच्च पद जरूर हासिल करते रहे। नेपाल के विकास में मधेश का भी उतना ही योगदान है जितना पहाड़ी समाज का लेकिन सरकारी तौर पर इनकी उपेक्षा हर क्षेत्र में होती रही। राजशाही के जमाने से आज की लोकतांत्रिक सरकार में भी। मधेश के लोगों को लो. कतंत्र और संविधान से काफी अपेक्षाएं थीं लेकिन इन्हें परिवर्तन की जरा भी अनुभूति नहीं हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। नादिया में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के दौरान दस्तावेज की व्यवस्था करते लोग।

## न्यूजीलैंड में अंतर्राष्ट्रीय अभियान में 4.2 टन की कोकीन जब्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार की एजेंसियों ने फ्रांस के अधिकारियों के साथ मिलकर फ्रेंच पोलिनेशिया में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अभियान के तहत 4.24 टन कोकीन जब्त की है। न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा, न्यूजीलैंड रक्षा दल (एनजेडडीएफ) और सरकारी संचार सुरक्षा ब्यूरो (जीसीएसबी) ने अमेरिका की ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी (डीईए) की सहायता से फ्रांसिसी अधिकारियों के साथ समन्वय कर सोमवार को एक जहाज को रोका और उस पर मौजूद 4-24 टन कोकीन को जब्त किया।

## अमेरिका के तीन जनवरी के हमले की जांच कर रहा वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह की या किस स्तर की है लेकिन उन्होंने यह इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था। लोपेज ने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रीय गरिमा दिवस पर दिया।

# भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस

## कहा: इसमें कुछ भी गलत नहीं, भारत ने तेल खरीद रोकने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी

**मास्को।** रूस ने कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड आयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

पेस्कोव ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से



■ भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई

जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ निकट सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं। इस बीच रूस के एनर्जी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए रूसी तेल को पूरी तरह छोड़कर किसी और देश का तेल लेना आसान नहीं है। नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी फंड के विशेषज्ञ इगोर युशकोव ने बताया कि अमेरिका जो तेल बेचता है, वह हल्का होता है, जबकि रूस, भारत को भारी और सल्फर वाला यूराल्स क्रूड सप्लाई करता है जिसका इस्तेमाल भारतीय रिफाइनरियां करती हैं।

उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से हल्का तेल खरीदेगा, तो उसे दूसरे तेलों के साथ ब्लेंड (मिक्स) करना पड़ेगा, ताकि मशीनें ठीक से चल सकें। ऐसा करने पर भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। यानी कि भारत को अमेरिकी तेल खरीदना ज्यादा महंगा पड़ेगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वहीं भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और तेल खरीद से जुड़े सभी फैसले राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार के लिए 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना मेन टारगेट है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार नहीं डालेंगे फिलिस्तीन के विरोधी गुट

**गाजा।** फलस्तीन के विरोधी गुटों ने इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार अपने पास रखने का फैसला किया है। पीआईजे ने बुधवार को यह जानकारी देते कहा सभी विरोधी गुटों के बीच सहमति है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास ही रखेंगे। पीआईजे के उप-महासचिव मोहम्मद अल-हिन्दी ने एक बयान में कहा कि विरोधी गुटों के बीच आम सहमति है कि हम फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास रखेंगे। हमने इन हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में मध्यस्थों के साथ अपना लचीलापन साझा किया है।

### नाइजर की सेना ने एक हफ्ते में मारे 47 आतंकवादी

**नियामे।** नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 26 जनवरी से एक फरवरी के बीच पूरे देश में लक्षित हवाई हमलों और लगातार जमीनी अभियानों के जरिए 47 आतंकवादियों को ढेर किया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय टेलीविजन टेली साहेल पर प्रसारित एक साप्ताहिक सूचना बुलेटिन के अनुसार, इन अभियानों के दौरान बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हथियार, गोला-बारूद, वाहन और ईंधन शामिल हैं।

### ताइवान की सीमा के नजदीक दिखे चीनी सैन्य जहाज और विमान

**ताइपे।** ताइवान के वायु क्षेत्र के पास गुरुवार को 12 चीनी विमान उघन भरते नजर आए जबकि क्षेत्रीय जलक्षेत्र के पास सात नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान की रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गुरुवार की सुबह छह बजे तक तक 12 उड़ानों को देखा गया, जिनमें से 11 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। मंत्रालय ने कहा कि हमने स्थिति की निगरानी की और इसका जवाब दिया है।

# डोभाल की बैकडोर वार्ता के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्पष्ट किया था भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितम्बर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को वाशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति



■ भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। पीएम मोदी पिछले साल सितम्बर में चीन दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रम्प के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैक्स लगा दिया था। ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितम्बर को ट्रम्प ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे। ट्रम्प ने सोमवार यानी 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि इसके बदले भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदेगा, वेनेजुएला से तेल लेगा और अमेरिकी सामान पर टैक्स पूरी तरह खत्म करेगा। हालांकि भारत सरकार ने इन बातों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और कोई लिखित समझौता भी सामने नहीं आया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की काल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था।

## रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच 314 कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति

**अबू धाबी।** रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने 314 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने गुरुवार को यह महत्वपूर्ण घोषणा की। पिछले पांच महीनों में दोनों देशों के बीच यह अपनी तरह का पहला कैदी विनिमय समझौता है। अबू धाबी में इन दिनों चल रही शांति वार्ता का एक बड़ा परिणाम माना जा रहा है। विटकोफ ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता दो दिनों तक चली 'विस्तृत और उत्पादक' शांति वार्ता के बाद हासिल हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पूर्ण शांति की दिशा में अभी भी 'महत्वपूर्ण कार्य' किया जाना शेष है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी हफ्तों में और अधिक प्रगति की उम्मीद है और चर्चा जारी रहेगी। गौरतलब है कि अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही इस वार्ता का दूसरा दौर बुधवार को शुरू हुआ था। इससे पहले 24 जनवरी को आयोजित पहले दौर की बैठक बिना किसी ठोस समझौते या संयुक्त बयान के समाप्त हो गई थी।

## अमेरिका राजी, मस्कट में शुक्रवार को होगी ईरान से बैठक

**काहिरा।** ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच दोनों देश शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता करने पर सहमत हो गए हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ दिनों से वार्ता के स्थान और एजेंडे को लेकर दोनों पक्षों में सार्वजनिक मतभेद सामने आ रहे थे, जिससे आपसी गहरे मतभेद उजागर हुए थे। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि वार्ता शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे मस्कट में होगी।

उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए ओमान का आभार भी जताया। इसके तुरंत बाद कई पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने बताया कि कम से कम नौ पश्चिम एशियाई देशों के हस्तक्षेप और आग्रह के बाद अमेरिका ने ओमान में वार्ता के लिए सहमति दे दी है। इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को तुर्की के इस्तांबुल में बैठक करने पर सहमति बनी थी, जिसमें कुछ पश्चिम एशियाई देशों को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होना

■ इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है

था। ईरान ने मंगलवार को कथित तौर पर प्रस्ताव दिया था कि वार्ता को ओमान स्थानांतरित किया जाए और इसे केवल परमाणु मुद्दों पर केंद्रित द्विपक्षीय प्रारूप में आयोजित किया जाए। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका ने ईरान की इस शर्त को खारिज कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमने उनसे कहा कि या तो मूल व्यवस्था पर बात होगी या फिर कुछ नहीं, और उन्होंने कहा कि फिर कुछ नहीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि ईरान मूल व्यवस्था पर लौटता है तो अमेरिका आने वाले दिनों में वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन चेतावनी दी कि यदि किसी समझौते तक नहीं पहुंचा गया तो अमेरिका अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है, जिनमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। इस नाजुक कूटनीतिक प्रयास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र में सैन्य तनाव भी तेजी से बढ़ा है।

## अमेरिका अखबार में छंटनी: शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को 800 पत्रकारों में से 300 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इसमें सीनियर कालमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं।

वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं। ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि वाशिंगटन पोस्ट ने इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया है। यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने बताया कि जेफ बेजोस की कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में

■ वाशिंगटन पोस्ट ने 300 स्टाफ को निकाला, स्पोर्ट्स सेक्शन बंद, भारत में पूरी टीम खत्म

शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पाडकास्ट 'पोस्ट रिपोर्ट्स' भी खत्म हो जाएगा। वाशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट, इंडिया और आस्ट्रेलिया से भी रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए हैं। ईशान थरूर ने एक पोस्ट में खाली पड़े न्यूज रूम की तस्वीर साझा करते हुए छंटनी को बुरा दिन बताया। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से कहा कि अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है।

# बलूचिस्तान में पाक सेना का ऑपरेशन खत्म

## 216 लड़ाके ढेर करने का दावा, 50 से ज्यादा नागरिक-सैनिक हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को जानकारी दी कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोहियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 216 विद्रोही मारे गए हैं। हालांकि, कई दिनों तक चले इस खूनी संघर्ष में 36 आम नागरिकों और सेना के 22 जवानों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी।

सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान दावा किया कि 26 जनवरी को शुरू किया गया 'रद-उल-फितना-1' नाम का यह आपरेशन अब सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। सेना ने बताया कि पंजगुर और हरनाई जिले के बाहरी इलाकों में विद्रोहियों के छिपे होने की पक्की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने

■ इसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां कार्रवाई शुरू की

वहां कार्रवाई शुरू की। सेना ने विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला बोला, जिसमें शुरुआत में 41 विद्रोही मारे गए। बाद में सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई और सफाई अभियान के दौरान कुल 216 विद्रोहियों को मार गिराया गया। सेना का दावा है कि इस कार्रवाई से विद्रोही नेटवर्क के नेतृत्व, उनके कमांड स्ट्रक्चर और काम करने की क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता मुहम्मद काशिफ ने बताया कि पांच दिनों तक बंद रहने के बाद बलूचिस्तान में रेल सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। हमलों के दौरान कई जगहों पर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा था, जिससे सुरक्षा कारणों से क्वेटा से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई थी। अब मरम्मत के बाद यातायात सामान्य हो रहा है। उधर, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया। इसमें सरकार से मांग की गई कि वह विद्रोही और उसे मदद देने वालों के खिलाफ एक सख्त और आक्रामक राष्ट्रीय रणनीति अपनाए। गौरतलब है कि ईरान और अफगानिस्तान सीमा से सटा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसा का केंद्र रहा है। यहां बलूच विद्रोही अक्सर 60 अरब डालर वाले चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सी-पैक) प्रोजेक्ट्स को निशाना बनाते हैं।

### पाक के डिप्टी स्पीकर रहे कासिम सूरी यूएस में चला रहे टैक्सी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पीटीआई के वरिष्ठ नेता कासिम खान सूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। कभी पाकिस्तानी संसद के सत्र की अध्यक्षता करने वाले सूरी ने खुलासा किया है कि वे अपना पेट भरने के लिए इन दिनों अमेरिका में उबर टैक्सी चला रहे हैं। हाल ही में पीटीआई की अमेरिकी शाखा के साझा किए गए एक वीडियो में सूरी ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। सूरी का आरोप है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने की वजह से उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न झेलना पड़ा।

## अमेरिकी कोर्ट का फैसला ओरेगन में बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे आईसीई ऐजेंट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है।

# अमेरिका रूस के परमाणु हथियारों पर कोई सीमा नहीं

## ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत: एंटोनियों गुटेरेस

**नई दिल्ली।** पांच फरवरी की आधी रात न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर क्षण है जो शीत युद्ध के बाद पहली बार अमेरिका और रूस के बीच एक अनियंत्रित परमाणु हथियारों की शृंखला या होड़ की संभावना को जन्म देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि आधी सदी से भी अधिक समय में पहली बार, हम एक ऐसी दुनिया का सामना कर रहे हैं, जहां रूसी संघ और अमेरिका के सामरिक परमाणु शस्त्रागार पर कोई भी बाध्यकारी सीमा लागू नहीं है। ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत है। पांच दशकों से ज्यादा समय में पहली बार, दुनिया की दो परमाणु महाशक्ति के पास मौजूद लंबी दूरी के परमाणु हथियारों पर कोई आधिकारिक सीमा नहीं है। यह स्थिति 1972 के बाद से



■ इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका

नहीं देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव ने मॉस्को में ऐतिहासिक हथियार नियंत्रण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शस्त्र नियंत्रण के दशकों के प्रयासों पर विचार करते हुए गुटेरेस ने कहा कि शीत युद्ध के दौरान और उसके बाद के समय में इन सरकारों के बीच परमाणु शस्त्र नियंत्रण ने तबाही रोकने में मदद की। इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने राष्ट्रीय शस्त्रागारों से हजारों परमाणु हथियारों की कटौती को सुगम बनाया। महासचिव ने अमेरिका-रूस से राजनयिक बातचीत करने की अपील की, ताकि बिना रोक-टोक के दुनिया में परमाणु विस्तार की वापसी रोकी जा सके। अनिश्चितता के इस समय में भी हमें उम्मीद ढूंढ़नी चाहिए। यह तेजी से बदलते माहौल के लिए एक शस्त्र नियंत्रण प्रणाली को पुर्नस्थापित करने और बनाने का मौका है। रूस ने कुछ समय के लिए मौजूदा स्थिति बनाए रखने की इच्छा जताई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संधि खत्म होने के बाद एक और साल तक 'न्यू स्टार्ट' की सीमाओं का पालन करने को तैयार हैं, बशर्ते अमेरिका भी ऐसा करे। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 29 जनवरी को कहा कि अमेरिका ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। गुटेरेस ने आखिर में कहा कि दुनिया अब रूसी गणराज्य और अमेरिका से उम्मीद कर रही है कि वे अपनी बातों को कार्रवाई में बदलें। गुटेरेस ने आगे कहा कि मैं दोनों देशों से आग्रह करता हूं कि वे बिना किसी देरी के बातचीत की मेज पर लौटें और एक ऐसे ढांचे पर सहमत हों जो सत्यापन योग्य सीमाओं को बहाल करे, जोखिमों को कम करे और हमारी साझा सुरक्षा को मजबूत करे। चीन ने अमेरिका से बातचीत की अपील की है।

